# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2024





## मीणा की गिरफ्तारी पर समर्थकों ने किया जमकर हंगामा

# हाईवे पर आगजनी-पथराव... पुलिस की गाड़ियां रोकीं... जमकर बवाल

*राजस्थान के टोंक जिले के समरवता गांव से नरेश मीणा को गिरफ्तारी किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद फिर से बवाल शुरू हो गया है। उनके समर्थकों ने आगजनी की है। टोंक जिले के देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीना पर बुधवार को मतदान केंद्र पर एसडीएम अमित चौधरी के साथ कथित तौर पर मारपीट करने का आरोप है। निर्दलीय प्रत्याशी की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों की ओर से समरावता गांव के बाहर स्टेट हाईवे पर आग लगाने के बाद पुलिस मौके पर समर्थकों को तितर-बितर करने पहुंची। इसके बाद पुलिस ने अवरुद्ध की गई सड़क को खाली कराया।*

एजेंसी ▶▶| जयपुर

मीणा की गिरफ्तारी पर टोंक एसपी विकास सांगवान ने कहा कि हमने उनसे कहा कि कानून को हाथ में न लें और अपने आपको समर्पित कर दें। उनका मन नहीं था, लेकिन उन्हें पुलिस के आगे झुकना पड़ा। उनपर संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन पर कई पुराने मामले भी दर्ज हैं, जिसकी रिपोर्ट मंगवाई गई है। 50-60 लोगों को हिरासत में लिया गया है और बाकी लोग जो भी इसमें शामिल होंगे, उन्हें पकड़ा जाएगा।

### सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे, समर्थकों को खदेड़ा

### राजस्थान में उपचुनाव के दौरान, एसडीएम को थप्पड़ मारा था इस निर्दलीय प्रत्याशी ने

**मुझे फंसाया जा रहा है मीणा**



गिरफ्तारी से पहले निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा की भी प्रतिक्रिया आई थी. उन्होंने कहा कि मुझे फंसाया जा रहा है। बड़े-बड़े लोग इसमें शामिल हैं, लेकिन मैं यहीं बैठा हूं। मिर्ची बम की वजह से मैं बेहोश हो गया था, मैं कही फरार नहीं हुआ था। पथराव के बाद मैं वहां से भागा नहीं बल्कि मिर्ची बम की वजह से बेहोश हुआ तो लोग मुझे उठाकर गांव में ले आए थे। मीणा ने आगे कहा कि विधायक बनने से ही सब कुछ थोड़ी हो जाता है। मैं गांव में ही पैदा हुआ हूं, एक आदमी को जाति प्रमाण पत्र बवनाने के लिए भी चक्कर काटने पड़ते हैं, बिना चक्कर काटे कोई काम नहीं होते।



**एसडीएम बीजेपी का एजेंट इसलिए पीटा**

मीणा ने आगे कहा, 'एसडीएम की कोई जाति नहीं होती, चाहे वो किसी भी जाति का हो, मैं उसे पीटता. उनके तौर-तरीकों को सुधारने का यही एक इलाज है। हमने सुबह से कुछ नहीं किया, हम उनके आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हमारे लिए खाने का इंतजाम नहीं किया गया। एसडीएम यहां क्यों हुक्म चला रहा था? वो बीजेपी का एजेंट है।

**समरावता पहुंची पुलिस**

राजस्थान के टोंक जिले में बुधवार को उपचुनाव के दौरान एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारने वाले मीणा को हिरासत में लेने के लिए गुरुवार को पुलिस फोर्स समरावता गांव पहुंची थी। मीणा को गिरफ्तारी के बाद समर्थकों ने समरावता गांव के बाहर उनियारा हिंडोली हाइवे पर बवाल काटना शुरू कर दिया। भारी पथराव और आगजनी हुई है। पुलिस उपद्रवियों को खदेड़ने की कोशिश कर रही है। इससे पहले मीणा ने पूरी घटना के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया था।

## खबर संक्षेप

### छेड़ेंगे नहीं पर छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं : योगी



**नई दिल्ली।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ गुरुवार को निरसा (धनबाद) पहुंचे। यहां आयोजित चुनावी सभा में योगी आदित्यनाथ ने कहा- अगर बंटेंगे तो कटेंगे। हमें तो एक रहना है। एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। इसके लिए भाजपा को लेकर आइए। यहां भ्रष्टाचारियों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा- कोई आतंकी अब भारत में घुसने का प्रयास करता है तो उसका राम नाम सत्य कर दिया जाता है। छेड़ेंगे नहीं पर छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं।

### जेल से बाहर आएंगे आप नेता अमानतुल्लाह



**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृहस्पतिवार को 36 करोड़ रुपये की संपत्ति की खरीद में कथित मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में आप विधायक अमानत उल्लाह खान के खिलाफ संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने उन्हें एक लाख रुपये के मुचलके पर रिहा करने का निर्देश दिया।

### स्कूल बस में आगजनी 16 बच्चों का रेस्क्यू

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी में एक स्कूल बस में आग लगने से हड़कंप मच गया। बस में आग लगते ही उसका चालक फरार हो गया। लोगों ने किसी तरह बस से बच्चों को बाहर निकाल लिया। बस में करीब 16 बच्चे सवार थे। फायर ब्रिगेड की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। घटना सुबह करीब 7.30 बजे की है। आग पर काबू पाने के बाद बस को मुख्य मार्ग से हटाकर यातायात को सुचारू कराया गया। जानकारी के मुताबिक बस मदर्स ग्लोबल स्कूल की थी। कौशांबी थाने के पीछे इसमें शार्ट सर्किट से आग लग गई थी।

**महाराष्ट्र के संभाजीनगर में पीएम मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला**

# 'एक ओर देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब का गुणगान करने वाले लोग'

*महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार जोरों पर है। सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इसी कड़ी में पीएम मोदी ने गुरुवार को छत्रपति संभाजीनगर में रैली को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि महाराष्ट्र का ये चुनाव केवल नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। इस चुनाव में एक ओर संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब का गुणगान करने वाले हैं।*

### विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को होगा मतदान, 23 को नतीजे

एजेंसी ▶▶| संभाजीनगर



पीएम मोदी ने कहा कि छत्रपति संभाजी नगर को ये नाम देने की मांग बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी, ये बात पूरा महाराष्ट्र जानता है। अघाड़ी सरकार की 2.5 साल सत्ता रही लेकिन कांग्रेस के दबाव में इन लोगों की हिम्मत नहीं हुई। महायुति सरकार ने आते ही शहर का नाम छत्रपति संभाजी नगर किया। हमने बालासाहेब ठाकरे की इच्छा को पूरा किया। पीएम मोदी ने कहा, औरंगाबाद को छत्रपति संभाजी नगर बनाने पर सबसे ज्यादा तकलीफ कांग्रेस और अघाड़ी वालों को हुई। इनके पाले-पोसे लोग इस फैसले को पलटने के लिए कोर्ट तक गए थे। महाराष्ट्र को विकसित भारत के विजन का नेतृत्व करना है। बीजेपी और महायुति इसी संकल्प को लेकर काम कर रहे हैं। महाराष्ट्र में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। आज समृद्धि महामार्ग संभाजी नगर से होकर गुजर रहा है। मराठवाड़ा, विदर्भ और मुंबई से सीधे जुड़ गया है।

### झारखंड को अपना एटीएम बनाना चाहते हैं झामुमो-कांग्रेस : शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के लोग झारखंड को अपना एटीएम बनाना चाहते हैं। शाह ने कहा कि दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और उसके साथी दल झारखंड को समृद्ध प्रदेश बनाना चाहती है। शाह ने कहा कि हम ऐसा कानून बनाएंगे, जिसमें आदिवासी बच्ची से शादी करने से लेकर गिफ्ट के जरिए आदिवासियों की जमीन घुसपैठिए हड़प नहीं पाएंगे। जिन लोगों ने अब तक उनकी जमीनें हड़पीं हैं, वो जमीनें भी उनको वापस करनी पड़ेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि झामुमो सरकार का ध्यान सिर्फ घुसपैठियों को राज्य में घुसाने पर है। ये घुसपैठिए, झारखंड में आते हैं और हमारी बच्चियों से शादी कर उनकी जमीन हड़प लेते हैं। हमारी सरकार बनेगी, तो हम उस पर रोक लगाएंगे।

**आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा**

*पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस सोच रही है कि ओबीसी जब जातियों में बंटेगा तो इस वर्ग की ताकत कम हो जाएगी। फिर कांग्रेस को बैठे-बैठे इसका फायदा मिलेगा। इसी सोच के साथ कांग्रेस सत्ता में वापसी की फिराक में है। अगर कांग्रेस को सत्ता मिली तो वो एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण रोक देगी। कांग्रेस के शहजादे विदेश में खुलेआम बयान देते हैं कि वो आरक्षण खत्म कर देंगे।*

**बंटवारे पर विश्वास करती है कांग्रेस**

*पीएम मोदी ने दावा है कि कांग्रेस और अघाड़ी वाले एससी एसटी और ओबीसी को बांटने की साजिश रच रहे हैं। कांग्रेस का एजेंडा अभी भी वही है। इसलिए बीते 10 साल से ओबीसी समाज का पीएम इन्हें बर्दाश्त ही नहीं हो रहा है। इन दिनों इंटरनेट पर पुराने अखबारों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इनमें आरक्षण को लेकर कांग्रेस की असली सोच दिख रही है। कांग्रेस आरक्षण को देश और मेरिट के खिलाफ बताती थी। ये पार्टी विकास नहीं, बंटवारे पर विश्वास करती है।*

**महाराष्ट्र के नंदुरबार की चुनावी रैली में राहुल ने किया पलटवार**

# संविधान को खोखला बताकर मोदी ने किया गांधी अंबेडकर का अपमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनके संविधान के खोखले वाले बयान पर निशाना साधा है। राहुल ने कहा है कि पीएम मोदी को संविधान कोरा (खाली) इसलिए लगता है क्योंकि उन्होंने जीवन में कभी संविधान पढ़ी ही नहीं। महाराष्ट्र के नंदुरबार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि वो पीएम मोदी को समझाना चाहते हैं कि ये संविधान खोखला नहीं है बल्कि यह हजारों साल के विचारों और धारणाओं से भरा हुआ है। आप इसे खोखला बताकर बिरसा मुंडा, महात्मा गांधी, बाबा साहब अंबेडकर समेत सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान करते हैं। राहुल ने आगे कहा, हमारे लिए ये मायने नहीं रखता कि किताब का रंग क्या है। मायने ये रखता है कि इस किताब में क्या है। हम इसके लिए अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। महाराष्ट्र के नंदुरबार में चुनावी रैली के दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान उनके लिए खाली लगता है क्योंकि इसे अपनी जिंदगी में कभी उन्होंने पढ़ा नहीं है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने कहा कि संविधान कोरा नहीं है बल्कि इसमें हजारों सालों के विचार हैं। राहुल गांधी ने संविधान को लेकर आगे कहा, 'वो (पीएम मोदी) कहते हैं कि राहुल लाल किताब दिखाते हैं।

**यह कहा था मोदी ने**

*महाराष्ट्र चुनाव में ही एक रैली के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी जिस संविधान की लाल किताब का दिखावा कर रही है उसमें कुछ नहीं है। इसके साथ ही पीएम ने कहा था कि कांग्रेस ने फर्जीवाड़ा करने में अपनी ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। कांग्रेस द्वारा दिखाई और बांटी जा रही संविधान की लाल किताब पूरी तरह से खोखली है। यह बाबा साहब के प्रति कांग्रेस की उपेक्षा और नफरत का प्रमाण है।*

**प्रयागराज के प्रदर्शनकारी छात्रों की बड़ी जीत**

# यूपीपीएससी का दो शिफ्ट में परीक्षा का फैसला वापस

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

यूपी के प्रयागराज में कई दिनों से चल रहा छात्रों का प्रदर्शन आखिरकार रंग लाया। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी ) ने छात्रों की मांगें मान ली हैं। आरओ-एआरओ परीक्षा स्थगित कर दी गई है और यूपी पीसीएस ( प्रारंभिक) परीक्षा एक ही शिफ्ट में कराने का फैसला किया गया है। परीक्षा में लागू नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को भी आयोग ने हटा दिया है। अब पीसीएस प्री परीक्षा वन डे-वन शिफ्ट में होगी। आयोग एक से दो दिन में इन दोनों परीक्षाओं की नई डेट जारी कर सकता है। आयोग ने पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक दिन में कराए जाने का फैसला लिया है।

**यह है मामला**

आयोग ने पहले यूपी पीसीएस-2024 प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 7 और 8 दिसंबर को दो पालियों में कराने का फैसला किया था। आरओ/ एआरओ प्रारंभिक परीक्षा 22 और 23 दिसंबर को होनी थी। 22 दिसंबर को एग्जाम दो पालियों में और 23 दिसंबर को एक पाली में होना था। छात्र इसके खिलाफ थे। वो एक दिन और एक ही शिफ्ट में परीक्षा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे. अभ्यर्थियों का कहना था कि इन परीक्षाओं के लिए लागू की गई नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को हटाया जाए। छात्रों की मांग का सीएम योगी ने संज्ञान लिया। उन्होंने आयोग से छात्रों के साथ बात करके आवश्यक फैसला लेने का निर्देश दिया।

**आतंकवाद के सभी आरोप किए खारिज**

# कनाडा ने वॉन्टेड अपराधी सिद्धू को बताया बेकसूर

एजेंसी ▶▶| वैंकूवर



कनाडा ने भारत में भगोड़े आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल अपराधी संदीप सिंह सिद्धू उर्फ सनी टोरंटो को बेकसूर करार दिया है। सनी पर लगे आतंकवाद फैलाने के आरोपों की जांच कनैडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस कर रही थी। एजेंसी ने उसे क्लीन चिट दे दी है। सनी कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) में तैनात था। उसे वापस सुपरिटेंडेंट के पद पर तैनात कर दिया गया है। सनी पर भारत में शौर्य चक्र विजेता बलविंदर सिंह संधू की हत्या करने का आरोप है। संधू पेशे से एक शिक्षक और खालिस्तान विरोधी थे।

**2020 में संधू की हत्या**

संधू की 16 अक्टूबर 2020 को उन्हें पंजाब के भिखीविंड में अपने घर के सामने गोली मार दी गई जिसमें उनकी मौत हो गई। इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने बताया था कि सनी टोरंटो ने उन्हें संधू को मारने का काम सौंपा था। उन्होंने दो और अपराधी सुखमीत पाल सिंह और लखवीर सिंह का भी नाम बताया। दोनों ही खालिस्तानी एक्टिविस्ट हैं।

**आईएसआई से भी संबंध :** नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) के मुताबिक सनी खालिस्तानी आतंकवादियों से जुड़ा है। उसके पाकिस्तानी इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई से भी ताल्लुकात हैं। संधू की हत्या में सनी और आईएसआई की मिलीभगत के भी आरोप हैं।


**बारहवीं पुण्यतिथी**



अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

**स्व. अमित कुमार सिन्हा**

जन्म : 21.2.1981 । स्वर्गवास : 15.11.2012

मन है धरातल,
दिल है भावनाओं का समंदर,
उमड़ रहा है हरदम, स्मृतियों का बवंडर
हर लम्हा दिल से पुकारे, रो पड़े मन,
सुना घर आंगन, तड़प उठें हर जनमन
दूर हो के भी संग, आसपास होते हैं हम,
हर सांसों में तुम्हारी आहट पाते हैं हम...

शोकाकुल : औसला-गोपाल सिन्हा (माता-पिता), डॉ. अभिषेक सिन्हा (छोटा भाई) निवासी-लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर
योगिता-अभिलाष सिन्हा (बड़ी बहन-जीजा), निवासी नवापारा राजिम
हेमा-चन्द्रशेखर सिन्हा (मंझली बहन-जीजा), निवासी रांची-झारखण्ड
भारती-प्रेमकुमार सिन्हा (छोटी बहन-बहनोई) निवासी तेलीनसत्ती, धमतरी

अमित सिन्हा मेमोरियल (असीम) सुपरस्पेशिलिटी डेन्टल हॉस्पिटल
संतोषी नगर चौक, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

ATUL


**पंजाब ने जताया विरोध पीएम मोदी से दखल की मांग**

# चंडीगढ़ में विधानसभा भवन बनाने के लिए अड़ी हरियाणा सरकार

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

चंडीगढ़ प्रशासन के एक फैसले के चलते पंजाब-हरियाणा में राजनीतिक माहौल गर्माया हुआ है। दरअसल, हरियाणा सरकार को विधानसभा भवन बनाने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन ने 10 एकड़ भूमि देने का फैसला लिया है। इसी को लेकर राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। पंजाब और हरियाणा दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ है, लेकिन दोनों ही इसे अपना बताते हैं और इसे अपने राज्य को सौंपने की मांग करते हैं। चंडीगढ़ में हरियाणा के विधानसभा भवन के निर्माण के लिए भूमि आवंटन का फैसला आने के बाद राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप), शिरोमणि अकाली दल (एसएडी) और शिरोमणी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा है कि इससे हरियाणा के चंडीगढ़ पर दावे को और मजबूती मिलेगी, और पंजाब इसे कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

**पंजाब बीजेपी ने कहा**



पंजाब भाजपा के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भी इस फैसले का कड़ा विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें और हरियाणा को चंडीगढ़ में विधानसभा भवन बनाने के लिए भूमि देने के इस निर्णय को रद्द करें।

**हरियाणा भाजपा के नेताओं ने कहा**

*वहीं, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा, 'आगामी जनगणना के बाद यह संख्या 120 हो जाएगी, ऐसे में मौजूदा विधानसभा भवन छोटा पड़ जाएगा। हरियाणा की भाजपा राज्यसभा सांसद किरन चौधरी ने कहा, हरियाणा को अपना विधानसभा भवन बनाने का पूरा अधिकार है। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा हमें भूमि देने में कुछ गलत नहीं है। पंजाब विरोध करता रहेगा, लेकिन यह निर्णय सही है।*


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 15 नवंबर 2024







# धमकी में फंसा विमान, नागपुर से कोलकाता जा रहे विमान की राजधानी में इमरजेंसी लैंडिंग, आरोपी ने कहा-बाइडन का षडयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर में विमान में बम की धमकी संबंधित घटनाओं के बीच राजधानी रायपुर भी इस तरह के घटनाक्रम का हिस्सा आखिरकार बन ही गया। गुरुवार को नागपुर से कोलकाता जा रहे विमान में बम की धमकी मिलने के बाद इंडिगो के विमान की आपातकालीन लैंडिंग राजधानी रायपुर में कराई गई, जबकि इसे नागपुर से सीधे कोलकाता में ही उतारा जाना था। रायपुर एयरपोर्ट पर विमान सहित सभी यात्रियों के सामान की दोबारा जांच की गई। किसी भी तरह की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिलने के बाद फ्लाइट को रवाना किया गया।

इस पूरी प्रक्रिया में 2.30 से 3 घंटे का समय लगा। इस दौरान यात्री एयरपोर्ट पर फंसे रहे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी थे। फ्लाइट निर्धारित समय से 3 घंटे देर से कोलकाता पहुंची। एयरपोर्ट पर इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल रहा। गौरतलब है कि पिछले माह अक्टूबर में भी 90 से ज्यादा विमानों ▶▶|शेष पेज 2 पर

**ऐसा रहा घटनाक्रम**

इंडिगो की फ्लाइट क्रमांक 6E812 ने निर्धारित समय पर नागपुर से सुबह 7 बजकर 28 मिनट पर उड़ान भरी थी। विमान में 187 यात्रियों के अलावा पायलट सहित 6 क्रू मेंबर थे। फ्लाइट के उड़ान भरने के कुछ मिनटों बाद ही 44 वर्षीय अनिमेष मंडल ने क्रू मेंबर को अपने पास बुलाया। उसने क्रू मेंबर से कहा कि वह आईबी अर्थात इंटेलिजेंस ब्यूरो का अधिकारी है। उसके लैपटॉप पर एक धमकी भरा ईमेल आया था, जिसमें इस फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद क्रू मेंबर सीधे पायलट ▶▶|शेष पेज 2 पर

## पूछताछ में आरोपी ने कहा- बाइडन मुझे मरवा देंगे, मेरे खिलाफ हो रहा है बड़ा षडयंत्र



■ विमान में सवार थे 187 यात्री, इनके अतिरिक्त 2 पायलट सहित 4 क्रू मेंबर भी

### आरोपी कहता रहा- मैं जो कह रहा हूं, वो करो

आरोपी के खिलाफ एविएशन एक्ट 1992 के प्रावधानों के अनुसार इंडिगो एयरलाइंस की तरफ से थाने में शिकायत दी गई है। आधार कार्ड के आधार पर आरोपी का नाम अनिमेष मंडल पिता कार्तिक मंडल है। उम्र 44 वर्ष है तथा आधार कार्ड में कोलकाता का पता दर्ज है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान आरोपी ने किसी भी तरह की जानकारी देने से इनकार कर दिया। वह बार-बार कहता रहा कि मैं जो कह रहा हूं वह करो। उसने कहा कि उसे किसी बड़े षडयंत्र का हिस्सा बनाया जा रहा है। यदि उसने अधिक जानकारी दी तो अमेरिका के राष्ट्रपति बाइडेन उसकी हत्या करवा देंगे। आरोपी के फोन में जो बाइडेन की तस्वीर मिली है।

**ऐसा रहा रायपुर एयरपोर्ट का हाल**

- विमान को उतारे जाने के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। प्लेन को उतारे जाने के पहले ही बम निरोधक दस्ते को बुला लिया गया था। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर विमान को पूरी तरह से खाली कराया गया।
- इसके बाद सभी यात्रियों के सामान की जांच की गई। विमान को खाली करवाकर पूरी तरह से जांच की गई। किसी भी तरह विस्फोटक सामग्री नहीं मिलने के बाद बम की अफवाह फैलाने वाले यात्री को छोड़कर अन्य सभी 186 यात्रियों को कोलकाता के लिए रवाना किया गया।
- माना पुलिस थाने में आरोपी से घंटों पूछताछ की गई। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने अपने बारे में अथवा अपने काम के बारे में किसी भी तरह की जानकारी देने से इनकार कर दिया। अब नियमतः आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**सीएम साय ने किया नई नीति का विमोचन**

# छग में उद्योगों के लिए खुला पिटारा, ब्लाक स्तर तक नेटवर्क, नई तकनीक और नए सेक्टर भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने उद्योगों के विकास के लिए पिटारा खोल दिया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन किया। नई नीति में कई सौगातों का जिक्र है। इसमें जिले ही नहीं, ब्लॉक स्तर पर भी औद्योगिक नेटवर्क के विस्तार को तव्वजो दी गई है। यह भी तय किया गया है कि जिन क्षेत्रों में अधिक संभावना होगी, वहां औद्योगिक क्षेत्रों या औद्योगिक पार्क की स्थापना पहले कराई जायेगी। इसके साथ ही राज्य में आवश्यकता के अनुसार नवीनतम तकनीक पर आधारित उद्यमों विकास के लिए विशेष प्रावधान किये जायेंगे। नई नीति में स्टील, फूड प्रोसेसिंग, सामान्य सेक्टर, टेक्सटाइल, फार्मा सेक्टर के नए उद्यमियों को सब्सिडी देने का भी प्रावधान हैं। इन वर्गों के लिए प्रावधान राज्य के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला उद्यमियों, तृतीय ▶▶|शेष पेज 2 पर

**खास खबर**




### नई तकनीक के उद्योगों के लिए विशेष प्रावधान

राज्य में आवश्यकता के अनुसार नवीनतम तकनीक पर आधारित उद्यमों विकास के लिए विशेष प्रावधान किये जायेंगे। जैसे टेक्सटाईल, फार्मास्यूटिकल्स, फार्मा मेडिकल डिवाइस, फूड प्रोसेसिंग कृषि उत्पाद संरक्षण संरचना, स्टील सेक्टर के डाउन स्ट्रीम उत्पादों पर आधारित उद्यमों का विकास एवं रक्षा क्षेत्र, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स हार्डवेयर निर्माण ▶▶|शेष पेज 2 पर

### उद्योगपतियों के साथ डिनर

उद्योग विभाग के कार्यक्रम के जरिए राज्य के उद्यमियों में सरकार के प्रति भरोसा कायम रखने की पहल नजर आई। कार्यक्रम में सभी सेक्टर के उद्योगपति मौजूद रहे। द्योगपतियों के साथ मुख्यमंत्री श्री साय रात्रिभोज में शामिल हुए। इस दौरान सरकार और उद्योगपतियों के बीच विश्वास की भावना प्रबल होती दिखी।

### रजत ने दिखाया बड़प्पन

नई औद्योगिक विकास नीति के विमोचन के पहले सचिव वाणिज्य उद्योग सार्वजनिक उपक्रम रजत कुमार ने प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। खास बात यह रही कि इस दौरान विशेष तौर पर उन्होंने अपने पूर्ववर्ती अधिकारी अंकित आनंद का जिक्र किया और इस नीति को बनाने का उन्हें श्रेय भी दिया।



### ये भी हैं खास

- राज्य के मूल निवासियों को स्थायी नियोजन
- अकुशल श्रमिक 100 प्रतिशत, कुशल 70, प्रबंधकीय कर्मियों के मामले में 40 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य
- सूक्ष्म, लघु, मध्यम, उद्योगों से खरीदी के लिए विपणन सहायता
- निर्यात को प्रोत्साहन
- स्थायी पूंजी लागत अनुदान
- ब्याज अनुदान, विद्युत शुल्क में छूट, स्टांप शुल्क में छूट
- उद्यम क्रांति योजना, बेरोजगार युवाओं को उद्यम, सेवा, व्यावसाय के लिए अनुदान
- राज्य में स्थापित बंद, बीमार उद्योगों के लिए पुनर्वास पैकेज
- औद्योगिक पार्क एवं औद्योगिक लैंडबैंक स्थापना नीति बनाई जाएगी

### साय ने कहा-हमारी नीति रोजगार परक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 को लांच करते हुए कहा, हमने इस नई नीति को रोजगार परक और विजन-2047 के अनुरूप विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए विकसित छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का लक्ष्य तय किया है। यदि कोई उद्योग एक हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देता है तो हम उसे बी-स्पोक पॉलिसी के तहत और अधिक रियायतें देंगे। युवाओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर हमने इस नीति में प्रति व्यक्ति 15 हजार रुपए प्रतिमाह तक का अनुदान देने का प्रावधान भी किया है। पहली बार इस नीति के माध्यम से राज्य में पर्यटन एवं स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं में निवेश को भी प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी कोशिश ▶▶|शेष पेज 2 पर



**जमीन का डायवर्सन करने मांगे थे 1 लाख**

## दिव्यांग से डायवर्सन के लिए ली रिश्वत, फंदे में एसडीएम समेत दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

दिव्यांग से रिश्वत लेते साजा एसडीएम और नगर सैनिक को एसीबी ने गुरुवार दोपहर को दबोच लिया है। आरोपियों ने दिव्यांग की माता के नाम पर भूमि के डायवर्सन के लिए एक लाख मांगे थे। 20 हजार में मामला सेट होने पर 10 हजार की दूसरी किश्त लेने के दौरान एसीबी ने पकड़ लिया। ग्राम भटगांव तहसील साजा जिला बेमेतरा निवासी दिव्यांग प्रार्थी तुकाराम पटेल ने एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर में शिकायत की थी कि नगर पंचायत परपोड़ी स्थित उसकी माता के नाम पर भूमि के डायवर्सन के ▶▶|शेष पेज 2 पर



टेकराम माहेश्वरी
आरोपी



गौकरण सिंह
आरोपी

### 17 सदस्यीय टीम आई थी : तिर्की

एंटी करप्शन टीम का नेतृत्व कर रहे अधिकारी एसडी तिर्की ने बताया कि साजा एसडीएम कार्यालय से पैसे की मांग करने की शिकायत उनको मिली थी। जिस पर कार्रवाई के लिए 17 सदस्यीय टीम आज साजा अनुविभागीय कार्यालय आई हुई है। आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर उनके निवास स्थानों की तलाशी भी ली जा रही है। प्रकरण में उनके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### डोमिनिका मोदी को देगा सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान

**नई दिल्ली।** कैरेबियाई देश डोमिनिका की सरकार ने कहा है कि वह इस महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित करेगी। प्रधानमंत्री मोदी को यह पुरस्कार कोविड-19 महामारी के दौरान दोनों देशों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के प्रति उनके समर्पण के लिए प्रदान किया जा रहा है।



### डॉ. रेड्डीज पर लगाया 27 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज पर मेक्सिको के दवा नियामक ने 27 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एक उत्पाद के आयात की सूचना दाखिल करने में निर्धारित दिशानिर्देशों का सही तरह से पालन न करने के लिए लगाया गया है।

## 14 हजार से ज्यादा किसानों ने कराई धान की बोहनी

■ धान खरीदी की शुरुआत, पहले दिन किसानों ने बेचा 55 हजार टन धान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में धान खरीदी का सालाना जलसा गुरुवार को प्रारंभ हो गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के भांठागांव (बी) धान खरीदी केन्द्र से इसकी शुरुआत की। पहले दिन 14562 किसानों द्वारा लगभग 55 हजार टन धान बेचा गया। आज धान खरीदी के लिए कुल 24 हजार 748 टोकन जारी किए गए थे। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इनमें 1.42 लाख नए किसान शामिल हैं। ▶▶|शेष पेज 2 पर

**हरिभूमि फॉलोअप**



### 10 हजार रुपये तुरंत ले सकेंगे भुगतान

मुख्यमंत्री ने धान बेचने वाले किसानों को बड़ी राहत दी है। किसान धान खरीदी केंद्र से 10 हजार रुपए नकद भुगतान तुरंत ले सकेंगे। किसानों की जरूरतों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तुरंत भुगतान के निर्देश दिए हैं।

## कटारा बलरामपुर कलेक्टर, संजीव पापुनि के एमडी, प्रियंका की हेल्थ में वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने बलरामपुर-रामानुजगंज कलेक्टर रिमिजियुस एक्का सहित 7 आईएएस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश में जिन अधिकारियों के तबादले किए हैं, उनमें डॉ. प्रियंका शुक्ला संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं तथा अतिरिक्त प्रभार संचालक तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण को आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के पद ▶▶|शेष पेज 2 पर





## अयोध्या के लिए ली छुट्टी और पहुंच गए विदेश, दफ्तर से हटाए गए कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

**खास खबर**

अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए आकस्मिक अवकाश लेने वाले जिला शिक्षा विभाग के दस कर्मियों के विदेश पहुंचने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोशल मीडिया में नेपाल से तस्वीरें वायरल होने के बाद डीईओ प्रवास सिंह बघेल ने मामले को गंभीरता से लेते जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। वहीं इन कर्मियों को जांच रिपोर्ट के आने तक दफ्तर से भी हटा दिया गया है। जिला शिक्षा विभाग के दस लिपिक वर्ग ▶▶|शेष पेज 2 पर

### दो सदस्यीय जांच कमेटी

दो सदस्यीय जांच कमेटी का गठन कर दिया है। जांच कमेटी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनीराम देवांगन और स्टेट स्कूल के प्राचार्य श्री पट्टा को शामिल किया गया है।

**नए सीजेआई संजीव खन्ना ने किया बदलाव**

# रोस्टर बदला, सिर्फ तीन पीठ ही सुनेंगी जनहित याचिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने 16 पीठों को नए मामलों के आवंटन के लिए एक नया रोस्टर जारी किया है। उन्होंने यह निर्णय लिया गया है कि प्रधान न्यायाधीश और दो वरिष्ठतम न्यायाधीशों की अध्यक्षता वाली पहली तीन अदालतें क्रमशः पत्र याचिकाओं और जनहित याचिकाओं की सुनवाई करेंगी। प्रधान न्यायाधीश के आदेश के तहत नए मामलों के आवंटन के लिए ▶▶|शेष पेज 2 पर

**रोस्टर में यह बदलाव**

- लेटर पिटीशन और पीआईएल के अलावा, सबजेक्ट के आधार पर सीजेआई की पीठ ज्यादातर मुद्दों पर सुनवाई करेगी। इसमें सामाजिक न्याय, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के चुनाव से जुड़े विवाद, सांसदों और विधायकों के चुनाव से जुड़े मामले, बंदी प्रत्यक्षीकरण और मध्यस्थता के मामले शामिल हैं।
- जस्टिस कांत की अध्यक्षता वाली बेंच चुनाव से जुड़ी याचिकाओं पर भी सुनवाई करेगी।
- जस्टिस जेबी पारदीवाला, सामान्य दीवानी मामलों के अलावा डायरेक्ट-इनडायरेक्ट टैक्स मामलों पर भी सुनवाई करेंगे।



### इन जजों को मिली जगह

सीजेआई सहित तीन वरिष्ठतम न्यायाधीशों के अलावा अन्य 13 न्यायाधीश न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति एएस ओका, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना, ▶▶|शेष पेज 2 पर

### इधर, व्हाट्सएप पर पाबंदी का ठुकराया अनुरोध

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया कि अगर व्हाट्सएप देश में अधिकारियों के आदेशों का पालन नहीं करता है तो उसके संचालन और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया जाए। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि वह केरल निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर ओमनाकुट्टन केजी द्वारा दायर याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

## चिंतन

# मीथेन और ब्लैक कार्बन जैसे प्रदूषकों से निजात पाए भारत

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण का स्तर खतरनाक हो गया है। पांच दिनों से लगातार गंभीर स्तर बना हुआ है। हवा के जहरीली हो जाने से लोगों का सांस लेना दुभर हो रहा है। खास बात है कि इस वक्त अजरबैजान की राजधानी बाकू में संयुक्त राष्ट्र की सीओपी-29 शिखर बैठक हो रही है, जिसमें जलवायु संकट से निपटने के लिए वित्त के मुद्दे पर सहमति बनाने का प्रयास हो रहा है। दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण की चिंता सीओपी-29 में दिखाई दे रही है। इस जलवायु सम्मेलन में विशेषज्ञों ने भारत से मीथेन और ब्लैक कार्बन जैसे अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों (एसएलसीपी) को कम करने का आग्रह किया है, जो वायु गुणवत्ता में गिरावट और ग्लोबल वार्मिंग दोनों के लिए प्रमुख कारक होते हैं। एसएलसीपी ग्रीनहाउस गैसों और वायु प्रदूषकों का एक समूह होता है, जो जलवायु को निकट अवधि में गर्म करता है और वायु की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। इसमें ब्लैक कार्बन, मीथेन, ग्राउंड-लेवल ओजोन और हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफसी) शामिल हैं। वर्तमान वार्मिंग के लिए आधा जिम्मेदार एसएलसीपी है। अगर हम एसएलसीपी पर ध्यान देते हैं, तो हम तेजी से दीर्घकालिक कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए महत्वपूर्ण समय हासिल कर सकते हैं। एसएलसीपी पर अंकुश लगाना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा तक पहुंच गया है और 2024 के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि तापमान जल्द ही इस सीमा को पार कर सकता है। भारत क्लाइमेट करार का हिस्सा है और प्रदूषण कम करने के प्रति प्रतिबद्ध है। भारत को अगर अपने कार्बन उत्सर्जन में कटौती करनी है तो ब्लैक कार्बन व मीथेन जैसे अल्पकालिक कारकों को तत्काल न्यूनतम करने की आवश्यकता है। ये एसएलसीपी भारत की आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए समस्या उत्पन्न करते हैं। बढ़ते तापमान का असंगठित श्रम क्षेत्र, कृषि और खाद्य सुरक्षा पर स्पष्ट प्रभाव पड़ा है। विश्व बैंक के मुताबिक, तापमान वृद्धि के कारण भारत के असंगठित क्षेत्र में लगभग 3.4 करोड़ नौकरियां चली गईं। एसएलसीपी के कारण आंशिक रूप से प्रभावित बदलते मानसून परिदृश्यों से फसल चक्र पर असर पड़ता है और खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। चावल जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों के एक शीर्ष वैश्विक निर्यातक भारत को ऐसे प्रभावों का सामना करना पड़ रहा है। एसएलसीपी बढ़ती गर्मी के तनाव और अनियमित वर्षा में सीधे योगदान देता है, जिससे न केवल स्थानीय किसान बल्कि वैश्विक खाद्य श्रृंखलाएं भी प्रभावित होती हैं। दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट 18 नवंबर को सुनवाई करेगा। 'इंडिपेंडेंट हाई-लेवल एक्सपर्ट ग्रुप ऑन क्लाइमेट फाइनेंस' (आईएचएलईजी) की नई रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया में बढ़ते तापमान से निपटने और पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने में विकासशील देशों की मदद के लिए 2030 तक प्रति वर्ष एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की जरूरत है। इस धन की आवश्यकता सार्वजनिक और निजी दोनों स्त्रोतों से है। अमीर देशों पर जलवायु वित्त प्रदान करने का दबाव है, सम्मेलन में भाग ले रहे देश 2025 के बाद विकासशील देशों की मदद के लिए एक नए जलवायु वित्त पैकेज पर बातचीत कर रहे हैं, इस दिशा में जल्द समाधान निकालने की आवश्यकता है। जलवायु संकट को लेकर भारत इस अलार्मिंग सिचुएशन को समझे और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए तत्काल रूप से प्रभावी कदम उठाए। देश को गैस चैंबर बनने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है।

## गौरव दिवस

पुरंदर मिश्रा



# जनजातीय गौरव दिवस एक अवसर

जनजातीय गौरव दिवस, स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे मकसद, आने वाली पीढ़ियों को देश के लिए उनके बलिदानों के बारे में जागरूक करना है। आदिवासी समुदाय, बिरसा मुंडा को भगवान के रूप में पूजता है। धरती आबा' बिरसा मुंडा की अपने माटी के प्रति संघर्ष की ही पृष्ठभूमि थी कि अंग्रेजों को छोटा नागपुर काश्तकारी-सीएनटी अधिनियम बनाने के लिए बाध्य होना पड़ा। जिसके अधीन परंपरागत वन अधिकार भुईंहरी खूँट के नाम से निहित है। भुईंहरी खूँट, जो जल, जंगल, जमीन पर पूर्ण स्वामित्व का अधिकार देता है ।

जनजातीय लोगों ने अपनी सभ्यता और संस्कृति की धरोहरों को युगों से संजोया हुआ है, जनजातीय गौरव दिवस एक अवसर है आदिवासियों की जीवन परंपरा, रीति-रिवाज व सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था को समझने का जो कि अत्यधिक समृद्ध है सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रतिवर्ष 'जनजातीय गौरव दिवस' का आयोजन किया जाता है। उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई आदिवासी आंदोलन किए। इन आदिवासी समुदायों में तामार, संथाल, खासी, भील, मिज़ो और कोल शामिल हैं।

स्वतंत्रता हासिल करने तक जनजातीय समुदाय अंग्रेजों से लड़ते रहे। चाहे पूर्वी क्षेत्र में संताल, कोल, हो, पहाड़िया, मुंडा, उरांव, चेरो, लेपचा, भूटिया, भुइयां जनजाति के लोग हों या पूर्वोत्तर क्षेत्र में खासी, नागा, अहोम, मेमारिया, अबोर, न्याशी, जयंतिया, गारो, मिजो, सिंघपो, कुकी और लुशाई आदि जनजाति के लोग हों या दक्षिण में पद्यगार, कुरिच्य, बेड़ा, गोंड और महान अंडमानी जनजाति के लोग हों या मध्य भारत में हलबा, कोल, मुरिया, कोई जनजाति के लोग हों या पश्चिम में डांग भील, मैर, नाइका, कोली, मीना, दुबला जनजाति के लोग हों, इन सबने अपने दुस्साहसी हमलों और निर्भीक लड़ाइयों से ब्रिटिश राज को असमंजस में डाले रखा। समग्र राष्ट्रीय विकास और जनजातीय समुदाय का विकास एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसलिए, ऐसे अनेक प्रयास किए जा रहे हैं जिनसे जनजातीय समुदायों की अस्मिता बनी रहे, उनमें आत्म-गौरव का भाव बढ़े और साथ ही वे आधुनिक विकास से लाभान्वित भी हों। समरसता के साथ जनजातीय विकास की यही मूल भावना सबके लिए लाभदायक है।

भारत के संविधान ने, अनुसूचित जनजातियों की सुरक्षा के प्रावधानों के साथ, उनके अधिकारों की रक्षा करने और समावेशिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वन अधिकार अधिनियम, पेसा और अन्य कानूनों ने आदिवासी समुदायों के अधिकारों को और मजबूत किया है और उन्हें अपने जीवन के तरीके की रक्षा करने के लिए सशक्त बनाया है। ट्राइफेड और एनएसटीएफडीसी जैसे संस्थानों ने आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने और उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के लिए सहायता और अवसर प्रदान किए हैं। न्याय के हित में सर्वस्व बलिदान करने की भावना, जनजातीय समाज की विशेषता रही है।

भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना की पहचान भगवान राम हैं। प्रभु श्री राम के राजा राम से मर्यादा पुरुषोत्तम राम बनने की यात्रा में जनजातीय समाज अपनत्व का सेतु है। भगवान राम को वनवास के दौरान जनजातीय समाज के साथ न सिर्फ सहचर्य मिला बल्कि दोनों ने एक दूसरे पर आस्था व्यक्त की। गोस्वामी तुलसीदास जी ने अनेक चौपाई में इस बात का उल्लेख किया है। छत्तीसगढ़ के वनांचल में रहने वाले रमातीन माडिया, झाड़ा सिरहा, चमेली देवी नाग, हिड़मा मांझी, गुण्डाधूर, सुखदेव पातर हल्बा जैसे अनेक वीर सपूत सिर्फ जनजातीय समाज के नहीं अपितु भारत मां के वीर सपूत व वीरांगना हैं। जनजातीय गौरव दिवस हमें बिरसा मुंडा, टंट्या मामा, भीम नायक, खज्या नायक, शंकर शाह, रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, बादल भोई, गंजन सिंह कोरकू, मंशु ओझा, रघुनाथ शाह और कई अन्य, जो इतिहास के पन्नों में कहीं खो गए हैं, जैसे जनजातीय नायकों के जीवन को जानने का अवसर देगा।

यह दिन श्री बिरसा मुंडा की जयंती है, जिन्हें देश भर के आदिवासी समुदाय भगवान के रूप में पूजते हैं। बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था की शोषणकारी व्यवस्था के खिलाफ देश के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और 'उलगुलान' (क्रांति) का आह्वान करते हुए ब्रिटिश उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व किया।

-लेखक विधायक , उत्तर विधानसभा क्षेत्र रायपुर हैं।

# जनजातीय गौरव दिवस : राष्ट्र की एकात्मता का बोध जनजातीय समाज में भारत की एकात्मता के सूत्र



गौरव दिवस विशेष


विष्णुदेव साय

1999 में प्रधानमंत्री रहते हुए श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय मामलों से जुड़े पृथक मंत्रालय का गठन किया। छत्तीसगढ़ एवं झारखंड जैसे राज्यों के गठन के पीछे भी एक प्रमुख उद्देश्य जनजातीय समाज के उत्थान का था। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में संसद के सेंट्रल हॉल में प्रवेश करते ही कहा था कि उनकी सरकार गरीब, किसान और आदिवासियों की है। जनताजीय समाज के गौरवशाली इतिहास से दुनिया प्रेरणा ले, इसके लिए उन्होंने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप मान्यता दी।

देश की एकता और अखंडता में जनजातीय समाज की अग्रणी भूमिका है। भारतीय मूल्यों से युक्त आचरण के साथ राष्ट्र की सर्वांगीण प्रगति में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली की पुनर्स्थापना में जनजातीय समाज ने आदर्श प्रतिमान गढ़े हैं। अलग-अलग कालखंड में जनजातीय समाज से निकले नायकों ने राष्ट्र के लिए जिस तरह अपने प्राणों की आहुति दी, वह भारतवर्ष की प्रत्येक संतति को राष्ट्र की एकात्मकता का बोध कराता है। भगवान बिरसा मुंडा जनजातीय समाज से निकले ऐसे ही एक पुण्यवान चरित्र हैं। भारत दुनिया का इकलौता राष्ट्र है जहां जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी कहा जाता है। हमारे यहां मातृभूमि से बढ़कर कुछ और नहीं। स्वर्ग भी नहीं..! भगवान बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को रांची में एक साधारण परिवार में हुआ था, राष्ट्र के प्रति योगदान ने उन्हें जनजातीय समाज ही नहीं संपूर्ण मानवता के लिए देवतुल्य बनाया। अंग्रेजों के विरुद्ध उन्होंने उलगुलान आंदोलन प्रारंभ किया। इसके लिए उन्हें कई यातनाएं भी सहनी पड़ी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। पूज्य बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के विरुद्ध जहां जनजातीय समाज को एकजुट किया, वहीं मातृशक्ति की रक्षा और सम्मान, जनजातियों में सामाजिक जन-जागरण का कार्य भी उन्होंने किया।

इससे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तर पूर्व के आदिवासी समाज में कन्वर्जन के विरुद्ध सामाजिक चेतना का संचार हुआ। यही वजह है कि आज भारत मां के वीर सपूत बिरसा मुंडा भगवान के रूप में पूजे जाते हैं। मुझे गर्व है कि मैं जिस भारतीय जनता पार्टी का छोटा सा सदस्य हूं, उसकी सरकारों ने समय- समय पर आदिवासियों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। 1999 में प्रधानमंत्री रहते हुए श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय मामलों से जुड़े पृथक मंत्रालय का गठन किया। छत्तीसगढ़ एवं झारखंड जैसे राज्यों के गठन के पीछे भी एक प्रमुख उद्देश्य जनजातीय समाज के उत्थान का था। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में संसद के सेंट्रल हॉल में प्रवेश करते ही कहा था कि उनकी सरकार गरीब, किसान और आदिवासियों की है। जनताजीय समाज के गौरवशाली इतिहास से दुनिया प्रेरणा ले, इसके लिए उन्होंने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप मान्यता दी। यह दिन आदिवासी समाज ही नहीं प्रत्येक देशवासी को प्रेरित करता है। आज देश की राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का नेतृत्व सिर्फ आदिवासी समाज और महिलाओं के लिए ही नहीं अपितु संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणापुंज है।

आदिवासियों को सनातन एवं भारतीय मूल्यों से



पृथक करने के असफल षड़यंत्र भी खूब हुए हैं। वामपंथी उग्रवाद तो कभी कन्वर्जन की शक्ल में राष्ट्र विरोधी ताकतें भोले भाले आदिवासियों को भ्रमित करने की कोशिश करती हैं। ऐसे तत्वों के विरुद्ध समाज को भी जागरूक होने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में जिस दृढ इच्छाशक्ति से कार्य हो रहा है, उसकी बदौलत छत्तीसगढ़ में हमारे जवानों ने साल भर से भी कम समय में 200 माओवादियों को ढेर कर दिया है। वहीं 700 से अधिक नक्सली आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे है। नक्सलवाद के कमजोर पड़ने से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में विकास का नया सूर्योदय हो रहा है। नियद नेल्ला नार जैसी योजनाओं से जनजातीय बहुल गांवों तक तमाम बुनियादी सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो रही हैं। मैं जिस सरगुजा क्षेत्र से आता हूं, हम वहां की जैव विविधता तथा वहां पर्यटन की संभावनाओं को अवसर में बदल रहे हैं। सरगुजा और बस्तर की ओर देखो नीति के अंतर्गत इस अंचल को इकोटूरिज्म तथा वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की आजीविका में तेंदूपत्ता संग्रहण एक प्रमुख स्त्रोत है। हमने हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की प्रति मानक संग्रहण दर चार हजार रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए कर दी है। प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग की महिलाएं लखपति दीदी बनकर आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिख रही हैं।

राज्य में अनुसूचित जनजाति वर्ग के किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। दिल्ली में ट्रायबल होस्टल में पढ़ने वाले युवाओं के लिए सीट की संख्या 35 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है। जनजातीय समाज के त्योहार, उनकी लोककलाओं को संरक्षित किए जाने हम विशेष कार्य कर रहे हैं। हम गोंडी समेत राज्य की अन्य जनजातीय भाषाओं के संवर्धन हेतु कार्य कर रहे हैं। देश में सात दशक तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी की नीति आदिवासी समाज को राजनीतिक स्वार्थ के लिए उपयोग करने वाली थीं। गोंड, भील, हल्बा, कंवर, भतरा, धुरवा, मुरिया, मुंडा समेत अनेक जनजातियों की जीवनशैली, लोक परंपराओं को निकट से देखें तो पाएंगे कि सामाजिक समरसता, भारतीयता, स्वदेशी, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली, कुटुंब व समाज के प्रति सामुदायिक कर्तव्य जनजातीय समाज की जीवन पद्धति की आत्मा है। आज कथित रूप से विकसित देश और अर्थव्यवस्थाएं आक्रामक भौतिकतावाद, नस्लवाद, जलवायु संकट और समावेशी विकास के लक्ष्य के समाधान तलाशने में जुटी हैं ऐसे समय में भारत का आदिवासी समाज दुनिया को सर्वे भवन्तु सुखिनः तथा वसुधैव कुटुंबकम का मार्ग दिखा रहा है। आइए हम सब जनजातीय समाज के साथ एकमेव होकर राष्ट्र की एकात्मता व विश्व बन्धुत्व की यात्रा को और समृद्ध करें।

-लेखक मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ हैं।

## हम जो भी करेंगे वह कर्म



संकलित

दर्शन

'इगोसेंट्रिक' कर्म को वे कर्म कहते हैं। ऐसे कर्म को, जिसमें कर्ता मौजूद है। जिसमें कर्ता यह विचार करके ही कर रहा है कि करने वाला मैं हूं। जब तक मैं करने वाला हूं, तब तक हम जो भी करेंगे, वह कर्म है। अगर मैं संन्यास ले रहा हूं, तो संन्यास एक कर्म हो गया। अगर मैं त्याग कर रहा हूं, तो त्याग एक कर्म हो गया। अकर्म का मतलब ठीक उलटा है। अकर्म का मतलब है ऐसा कर्म, जिसमें कर्ता नहीं है। जिसमें मैं कर रहा हूं, ऐसा कोई बिंदु नहीं है। ऐसा कोई केंद्र नहीं है, जहां से यह भाव उठता है कि मैं कर रहा हूं। अगर मैं कर रहा हूं, यह खो जाए, तो सभी कर्म अकर्म है। कर्ता खो जाए तो सभी कर्म अकर्म है। इसलिए कृष्ण का कोई कर्म, कर्म नहीं है, सभी अकर्म हैं। कर्म और अकर्म के बीच में विकर्म की जगह है। विकर्म का अर्थ है, विशेष कर्म। विशेष कर्म किसे कहते हैं कृष्ण? जहां न कर्ता है, और न कर्म। फिर भी चीजें तो होंगी। फिर भी चीजें तो होंगी ही। आदमी श्वास तो लेगा ही। न कर्म है, न कर्ता है। श्वास तो लेगा ही। श्वास कर्म तो है ही। खून तो गति करेगा ही शरीर में। भोजन तो पचेगा ही। ये कहां पड़ेंगे? ये विकर्म हैं। ये मध्य में हैं। यहां न कर्ता है, न कर्म है। साधारण मनुष्य कर्म में है, संन्यासी अकर्म में है, परमात्मा विकर्म में है। वहां न कोई कर्ता है, न कोई कर्म है। वहां चीजें ऐसी ही हो रही हैं, जैसे श्वास चलती है। वहां चीजें बस हो रही हैं। यह कर्म योग का तत्व है। जो विकर्म को समझ लेगा, वह अकर्म में उतर जाएगा। कर्म हमारी स्थिति है, जैसे हम जी रहे हैं।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पूछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाथ डालकर कुछ निकाला और हिसाब किया। उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के ने खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए । हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बाल दिवस का मकसद कैसे पूरा होगा?

14 नवंबर को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। नेहरु को चाचा नेहरु इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्हें बच्चों से बहुत लगाव था। उन्होंने बच्चों के लिए कहा था, 'आज के बच्चे कल के भारत का निर्माण करेंगे। हम जिस तरह से बच्चों की परवरिश करते हैं उससे भारत का भविष्य तय होता है।' लेकिन भारत में जहां एक तरफ बाल दिवस मनाया जाता है, वहीं दूसरी तरफ शर्मनाक है कि आज आजाद भारत में छोटे-छोटे बच्चे गरीबी के कारण मजदूरी करने को विवश हैं। इनसान जब जन्म लेता है तब उसका दिल और दिमाग एक कोरे कागज की तरह होता है। बच्चों के पथभ्रष्ट होने का कारण अच्छे संस्कारों का अभाव भी है। ऐसी स्थिति में हमें यह सोचना है कि कैसे बाल दिवस का मकसद हासिल किया जाए।

*– अखिलेश मिश्रा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### नक्सल की गिरफ्त में कांग्रेस



कांग्रेस पार्टी अर्बन नक्सल की गिरफ्त में आ चुकी है। नक्सलवाद को बढ़ावा देने वाले लोगों के हाथों की कठपुतली बनकर कांग्रेस काम कर रही है। इन्होंने ऐसी पार्टी से समझौता कर लिया, जो धारा 370 वापस लाने की बात कर रही है।

**-जे.पी. नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### उप्र सरकार असंवेदनशील



प्रयागराज में प्रतियोगी छात्रों के साथ यूपी सरकार और उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग का रवैया बेहद असंवेदनशील और दुर्भाग्यपूर्ण है। एक पाली में परीक्षा की छात्रों की मांग बिल्कुल न्यायपूर्ण है। 'पढ़ाई' करने वाले छात्रों का पुलिस के जरिए उत्पीड़न किया जा रहा है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### निवेश के लिए प्रतिबद्ध



जैसे-जैसे भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी गहरी होती जा रही है, हम अमेरिकी ऊर्जा सुरक्षा और लचीली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 10 बिलियन डॉलर का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**-गौतम अदाणी, उद्योगपति**

### बच्चे बहुत पसंद




मुझे बच्चे बहुत पसंद हैं क्योंकि उन्होंने अभी तक अपनी ईमानदारी और जीवन के प्रति अपना प्यार नहीं खोया है। और एक बिंदु के बाद हम सभी का यही लक्ष्य होता है.. कि हम स्वतंत्र हों.. है ना!

**- काजोल, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# अमेरिकी कैपिटल में मनाई गई दिवाली



अमेरिका में 24 से अधिक सांसदों और भारतीय अमेरिकियों ने 'कैपिटल' में दिवाली मनाई। पिछले सप्ताह के राष्ट्रपति चुनाव के बाद अमेरिकी कांग्रेस में यह पहला बड़ा आयोजन था। मंगलवार को 'कैपिटल हिल में दिवाली' का वार्षिक आयोजन बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर द्वारा हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन, सिख फॉर अमेरिका, जैन एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका और आर्ट ऑफ लिविंग समेत कई अन्य भारतीय अमेरिकी संगठनों के सहयोग से किया गया था। पिछले सप्ताह राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने जीत हासिल की थी। दिवाली समारोह को संबोधित करते हुए सीनेटर रैंड पॉल ने कहा कि अमेरिका अप्रवासियों की भूमि है, जो विश्वभर से सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली लोगों को आकर्षित करता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वे मिलकर अमेरिका को एक महान देश बनाते हैं। पॉल ने कहा, 'मैं वैध आव्रजन नियमों का बड़ा समर्थक हूं और इसे बढ़ाने के लिए मेरे पास कई विधेयक हैं और मैं इस पर काम करना जारी रखूंगा। दिवाली की शुभकामनाएं।' इस मौके पर भारतीय अमेरिकियों को बधाई देते हुए मिसिसिपी की सीनेटर सिंडी हाइड-स्मिथ ने कहा कि वह अगले चार वर्षों के लिए उत्सुक हैं।

## ऑफ बीट

# पीसीओएस की चपेट में 20 फीसदी महिलाएं



ऐसा माना जाता है कि अंडाशय के काम करने के तरीके पर असर डालने वाली हार्मोनल स्थिति पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) की चपेट में दुनियाभर की 20 प्रतिशत महिलाएं आती हैं। यह स्थिति इतनी सामान्य है और इसका महिलाओं के स्वास्थ्य पर इतना गंभीर असर पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद शोधकर्ता अभी तक पूरे विश्वास के साथ यह नहीं कह सकते कि पीसीओएस के कारण क्या हैं –इसके इलाज के बारे में तो बात छोड़ ही दीजिए। हार्मोनल थेरेपी लेने के साथ ही ज्यादातर मार्गदर्शन में कहा जाता है कि वजन कम करना पीसीओएस से निपटने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। शरीर के वजन में महज चार प्रतिशत की कमी से भी लक्षणों में सुधार देखा गया है। वजन घटाने से ज्यादा वजन से जुड़ी कहीं अधिक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि टाइप 2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप और सोते वक्त सांस लेने में दिक्कत होने का जोखिम भी कम हो सकता है। लेकिन पीसीओएस से जुड़े हार्मोनल असंतुलन से महिलाओं के लिए वजन कम करना मुश्किल हो सकता है। पीसीओएस केंद्रित अनुसंधान के लिए ऐतिहासिक कम वित्त पोषण का मतलब यह भी है कि यह पता लगाने के लिए विश्वसनीय, साक्ष्य आधारित मार्गदर्शन की भारी कमी है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**


टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




साइंस कॉलेज मैदान पर शुरू हुआ दो दिवसीय जनजाति गौरव दिवस व अंतर्राज्यीय लोक नृत्य महोत्सव

# 21 राज्यों से आए आदिवासी कलाकारों के 28 दल, महोत्सव में किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को साइंस कॉलेज मैदान पर दो दिवसीय जनजाति गौरव दिवस एवं अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव हुआ।




यहां पहले दिन आदिवासियों के जीवन से जुड़ी संस्कृति और अनोखी कला लोगों को देखने को मिली। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने देवगुड़ी में पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन किया। इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर संगोष्ठी, जनजातीय चित्रकला प्रदर्शनी के साथ-साथ देश के 21 राज्यों के 28 आदिवासी ⏭ शेष पेज 2 पर

## गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों को जनजाति गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस दिवस की शुरुआत 13 नवंबर को जशपुर से हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जनजातीय समुदाय की जितनी चिंता की है, उतनी किसी ने नहीं की है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने देश की 10 करोड़ जनजातीय आबादी के कल्याण* ⏭ शेष पेज 2 पर

## समाज के सभी वर्गों के बेहतरी के काम

आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि यह आयोजन कला, संस्कृति, परंपरा और देश की रक्षा के लिए प्राणों का न्यौछावर करने वाले महापुरुषों को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के बेहतरी के काम तेजी से कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य श्याम बिहारी जायसवाल, खेल मंत्री टंक राम वर्मा, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, विधायक सर्व पुरंदर मिश्रा, गुरू खुशवंत सिंह साहब, मोती लाल साहू, ⏭ शेष पेज 2 पर


## खबर संक्षेप

### पीएम बोडोलैंड महोत्सव का आज करेंगे उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को राजधानी दिल्ली स्थित साई इंदिरा गांधी खेल परिसर में पहले बोडोलैंड महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर सभा को संबोधित करेंगे। दो दिवसीय महोत्सव शांति बनाए रखने और जीवंत बोडो समाज के निर्माण के लिए भाषा, साहित्य और संस्कृति पर आधारित एक बड़ा कार्यक्रम है।

### ऑपरेशन कवच में पकड़े गए 1,224




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 24 घंटे के 'ऑपरेशन कवच' के तहत अवैध आग्नेयास्त्र रखने, चोरी, प्रतिबंधित मानक पदार्थ और अवैध शराब जैसी गतिविधियों में कथित रूप से शामिल 1,224 लोगों को हिरासत में लिया है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा, विशेष प्रकोष्ठ एवं 15 जिलों की पुलिस समेत सभी इकाइयों ने 12 से 13 नवंबर तक 24 घंटे के लिए अभियान चलाया।

### हत्या में शामिल आरोपी की अचल संपत्ति जब्त




**नई दिल्ली।** एनआईए ने इस साल कश्मीर में दो गैर स्थानीय लोगों की हत्या में शामिल एक प्रमुख आरोपी की अचल संपत्ति जब्त की है। आरोपी आदिल मंजूर लंगू आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की शाखा 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' से जुड़ा है। यह जब्ती लंगू तथा दो अन्य लोगों अहरान रसूल डार और दाऊद द्वारा रची गई साजिश से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में की गई।

### तालिबान के पुराने गढ़ में विस्फोट, दो बच्चों की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान में बृहस्पतिवार को एक घर में हुए शक्तिशाली विस्फोट में कम से कम दो बच्चों की मौत हो गई और कुछ अन्य घायल हो गए। जिस जगह यह विस्फोट हुआ, वह इलाका कभी पाकिस्तानी तालिबान का गढ़ था। पुलिस अभी भी इस बात की जांच कर रही है कि विस्फोट किस कारण से हुआ।

### पुलिस ने 7.17 करोड़ का ड्रग्स किया नष्ट



**हैदराबाद।** हैदराबाद में पुलिस ने 7.17 करोड़ रुपए कीमत का 2380 किलो ड्रग्स नष्ट किया। इसमें गांजा, गांजा चॉकलेट, हशीश तेल, एमडीएमए और कोकीन शामिल था। साइबराबाद थाना पुलिस ने बताया कि 31 पुलिस थानों में एनडीपीएस के 155 मामलों दर्ज थे। ये नशीले पदार्थ साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले 31 पुलिस स्टेशनों से जुड़े हुए हैं।

## राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण के बीच ग्रेप-3 लागू करने का फैसला

# दिल्ली में धुंध का पहरा, 300 उड़ानें प्रभावित, स्कूलों में ऑनलाइन पढ़ाई

*दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'गंभीर' स्तर पर पहुंच गई है। धुंध का पहरा होने से राष्ट्रीय राजधानी में करीब 300 उड़ानों में देरी हुई। कई ट्रेनें में भी देरी से चल रही हैं। यहां गुरुवार सुबह एक्यूआई 428 पर पहुंच गया। ऐसे में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण 3 को 15 नवंबर से लागू करने का फैसला लिया। दिल्ली-एनसीआर में कंस्ट्रक्शन पर रोक लग जाएगी, सिर्फ वही निर्माण कार्य जारी रहेंगे, जो राष्ट्रीय तौर पर जरूरी हैं, वहीं प्राइमरी स्कूलों की पढ़ाई ऑनलाइन होगी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार सुबह 6 बजे दिल्ली के 31 इलाकों में प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी से गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। सबसे ज्यादा एयर क्वालिटी इंडेक्स 567 जहांगीरपुरी में दर्ज किया गया। पंजाबी बाग में 465 और आनंद विहार में 465 एक्यूआई दर्ज किया गया।

- दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के लिए विशेष सुरक्षा उपाय लागू

खराब मौसम के कारण बृहस्पतिवार की सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों के परिचालन के लिए कम दृश्यता वाले विशेष सुरक्षा उपाय लागू किए गए। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और यहां प्रतिदिन लगभग 1,400 उड़ानों का आवागमन होता है। 'दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल)' ने सुबह सात बजे सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता की स्थिति में उपयोगी विशेष सुरक्षा उपाय किए गए हैं। सभी उड़ानों का संचालन वर्तमान में सामान्य हैं। डीआईएएल ने यात्रियों से अनुरोध ⏭ शेष पेज 2 पर

### ऐसा होगा असर

- यूपी-पंजाब में 15 और हिमाचल में 18 नवंबर तक रात सुबह के समय घना से बहुत घना कोहरा छाएगा।
- हरियाणा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, बिहार, झारखंड में 16 नवंबर तक धुंध छाने की संभावना है।
- हरियाणा के रोहतक में कई ट्रेनें लेट हुईं। 5 जगह हादसों में 9 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।
- कैथल में पंजाब के ट्रक चालक धर्मेंद्र की मौत हो गई।



### सुप्रीम कोर्ट 18 को करेगा सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण पर अंकुश लगाने के उपायों को लागू करने का अनुरोध करने वाली याचिका को 18 नवंबर के लिए तत्काल सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति व्यक्त की। कोर्ट से अनुरोध किया गया है कि दिल्ली सबसे प्रदूषित शहर न बन जाए।

### ग्रैप 3 के दौरान लगेंगे ये प्रतिबंध

| | |
|---|---|
| निर्माण और तोड़फोड़ रोक दी जाएगी, सभी गैर-जरूरी खनन गतिविधियां निलंबित कर दी जाएंगी | गैर-इलेक्ट्रिक, गैर-सीएनजी और गैर-बीएस-4 डीजल अंतरराज्यीय बसों पर प्रतिबंध रहेगा |

**प्राथमिक विद्यालय ऑनलाइन कक्षाओं की ओर बढ़ सकते हैं**

प्रमुख सड़कों पर जल छिड़काव बढ़ाया जाएगा

### एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम

*वेबसाइट फ्लाइटट्रेडर 24 के मुताबिक, धुंध (स्मॉग) के चलते दिल्ली एयरपोर्ट पर 300 से ज्यादा फ्लाइट्स में देरी हुई। गुरुवार दोपहर बजे तक दिल्ली में 115 फ्लाइट आईं और 226 फ्लाइट का डिपार्चर हुआ। फ्लाइट अराइवल में 17 मिनट, वहीं डिपार्टर में 54 मिनट की देरी हुई। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर लिखा- एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी कम है। हमारा यात्रियों से निवेदन है कि फ्लाइट के आने-जाने के संबंध में संबंधित एयरलाइन से अपडेट ले लें।*

### दिल्ली आने वाली ये 12 ट्रेनें लेट

*उत्तर भारत में ठंड अपना असर दिखाने लगा है। सड़कों पर एक बार फिर से कोहरा दिखाई देने लगा है। वहीं, कोहरे ने रेलवे की रफ्तार ब्रेक लगा दी है। गुरुवार को दिल्ली की ओर आने वाली दर्जन भर ट्रेनें देरी से चल रही हैं। इनमें से कुछ ट्रेनें तो 5 घंटे और 8 घंटे की देरी से भी चल रही हैं। कोहरे की वजह से अधिकतर सवारी गाड़ियां अपने निर्धारित समय से देर से चलीं।*





## सड़क पर खड़े ट्रक से भिड़ी एंबुलेंस, दो स्वास्थ्यकर्मी समेत तीन की मौत




हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिस एंबुलेंस में मरीज की जान बचाने के लिए बेहतर उपचार के लिए मेकाज लाया जा रहा था, उसी एंबुलेंस में सवार सह चालक व ड्रेसर को यह नहीं पता था कि हादसे में उनकी जान चली जाएगी। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र स्थित किलेपाल मुख्य मार्ग का है। यहां गुरुवार ⏭ शेष पेज 2 पर

- किलेपाल हाईवे पर बड़ा हादसा

### तीन का आंकड़ा पड़ रहा भारी

सड़क हादसे में पिछले एक सप्ताह के अंतराल में 9 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पूर्व बकावण्ड थाना क्षेत्र के राजनगर के करीब ट्रक से टकराई पिकअप में सवार ओडिशा की 3 महिलाओं की मौत हो गई थी। वहीं, 2 दिन पूर्व कोतवाली ⏭ शेष पेज 2 पर

### कोहरा बनी हादसे की वजह

*थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। हादसे के दौरान सड़क पर कोहरा था। संभवतः एंबुलेस चालक ललित मरकाम को ट्रक दिखाई नहीं दिया और वाहन टकरा गया। हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। घटना के बाद वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही थी। पुलिस द्वारा वाहनों को हटाकर आवाजाही शुरू करवाया गया। घटना में क्षतिग्रस्त एंबुलेंस व ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया।*

## नौरोजाबाद स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने रोके जाएंगे 24 ट्रेनों के पहिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच दिन के अंदर रेल प्रशासन ने एक बार फिर से कटनी सेक्शन की ओर तीसरी लाइन के काम को देखते हुए 24 ट्रेनों का परिचालन 2 दिसम्बर तक रद्द करने का आदेश जारी कर दिया है। इन 24 ट्रेनों को मिलाकर रेल अफसरों ने पांच दिन के अंदर ट्रेन रद्द का आर्डर जारी करते हुए हाफ सेंचुरी को पूरा कर यात्रियों को परेशानी में डाल दिया है। माल लदान और मालगाड़ियों का सुचारू परिचालन करने के लिए रेलवे ने कई बार अधोसंरचना के नाम पर यानि एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, ⏭ शेष पेज 2 पर

- ट्रेनों को रद्द करने की हाफ सेंचुरी

### होगा मॉडिफिकेशन का कार्य

रेलवे के अनुसार बिलासपुर से कटनी के बीच तीसरी लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे भविष्य में यात्री सुविधाओं में वृद्धि होगी। इस परियोजना में नौरोजाबाद स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए नौरोजाबाद यार्ड मॉडिफिकेशन का कार्य 24 से 30 नवम्बर तक होगा, जिसमें 22 नवम्बर से 2 दिसम्बर के बीच बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच आने-जाने वाली पैसेंजर और एक्सप्रेस गाड़ियों को रद्द किया जाएगा।

### रद्द होने वाली ट्रेनें

- 22 से 30 नवम्बर तक 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस।
- 23 नवंबर से 1 दिसम्बर तक 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस।
- 21 से 30 नवम्बर तक 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस।
- 23 नवंबर ⏭ शेष पेज 2 पर

### राजनांदगांव से कटनी तक रद्द रहेगी बरौनी

तीसरी लाइन और मॉडिफिकेशन के कार्य में बरौनी से गोंदिया के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इसमें 23 से 29 नवम्बर तक बरौनी से चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बरौनी, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया होकर और 23 से 29 नवम्बर तक 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी, बरौनी होकर चलाई जाएगी। इसकी वजह से बरौनी एक्सप्रेस अप और डाउन में राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, शहडोल, अनूपपुर, कटनी के बीच रद्द रहेगी।

*रायपुर के आरोपी फैजान की मुंबई कोर्ट में पेशी*

## शाहरुख को धमकी, 18 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया आरोपी वकील

एजेंसी ⏭ मुंबई

शहर की एक अदालत ने अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देने के आरोपों को लेकर गिरफ्तार छत्तीसगढ़ के एक वकील को गुरुवार को 18 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। मुंबई पुलिस ने आरोपी वकील फैजान खान को मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से गिरफ्तार किया था। छत्तीसगढ़ की एक अदालत से आरोपी की ट्रांजिट रिमांड लेकर उसे यहां लाया गया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को यहां बांद्रा ⏭ शेष पेज 2 पर



### शाहरुख से मांगे थे 50 लाख

*बांद्रा थाने में पांच नवंबर को एक फोन आया था। कॉल करने वाले ने शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी देते हुए 50 लाख रुपए मांगे थे। शाहरुख खान का घर बांद्रा इलाके में है। इसके बाद अज्ञात कॉलर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 308(4) (मृत्यु या गंभीर चोट की धमकी सहित जबरन वसूली) और 351(3)(4) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया।*

### बिश्नोई समुदाय को बताया था दोस्त

शाहरुख की फिल्म 'अंजाम' के एक दृश्य को लेकर आपत्ति जताते हुए उन्होंने कहा था, मैं राजस्थान का रहने वाला हूं। बिश्नोई समुदाय मेरा दोस्त है। उनके धर्म में हिरन की रक्षा करना शामिल है। तो यदि कोई मुसलमान हिरन के बारे में ऐसी कोई बात कहता है तो यह निंदनीय है। इसलिए मैंने आपत्ति जताई थी।

केंद्र का बड़ा फैसला

## मणिपुर के छह पुलिस थानों में फिर से लगाया अफस्पा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केंद्र ने मणिपुर के हिंसा प्रभावित जिरीबाम सहित छह पुलिस थाना क्षेत्रों में सशस्त्र बल अधिनियम (अफस्पा) को पुनः लागू कर दिया है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को "अशांत" के रूप में अधिसूचित किया जाता है। अफस्पा अशांत क्षेत्रों में काम करने वाले सशस्त्र बलों को तलाशी लेने, गिरफ्तार करने और गोलीबारी करने के व्यापक अधिकार देता है।

### इन क्षेत्रों में लागू

*पुलिस थाना क्षेत्रों में अफस्पा को फिर से लागू किया गया है। इनमें इंफाल पश्चिम जिले में सेकमाई और लमसांग, इंफाल पूर्वी जिले में लमलाई, जिरीबाम जिले में जिरीबाम, कांगपोकपी में लीमाखोंग और बिष्णुपुर में मोइरांग हैं।*

## बैंक खातों का दुरुपयोग, महाराष्ट्र और गुजरात में कार्रवाई


# वोट के बदले नकदी, 23 ठिकानों पर ईडी के छापे

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक खातों के दुरुपयोग से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में मालेगांव के एक व्यापारी के खिलाफ चुनावी राज्य महाराष्ट्र और पड़ोसी राज्य गुजरात में गुरुवार को कई स्थानों पर छापेमारी की। संघीय एजेंसी धनशोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और मुंबई तथा गुजरात के अहमदाबाद और सूरत में 23 ठिकानों पर छापेमारी गुरुवार रात तक जारी रही।

### भाजपा नेता ने लगाया था 'वोट जिहाद ' का आरोप

भाजपा नेता किरीट सोमैया ने 13 नवंबर को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मैं आज दोपहर 2 बजे मालेगांव जा रहा हूं, जिससे सिराज अहमद, हारुन मेमन के 125 करोड़ रुपए के मालेगांव वोट जिहाद घोटाले की जांच कर सकूं। मैं बैंक, पुलिस स्टेशन जाऊंगा और शिकायतकर्ताओं से मिलूंगा। एक अन्य पोस्ट में भाजपा नेता ने दावा किया था कि मालेगांव पुलिस ने मुख्य मास्टरमाइंड सिराज मोहम्मद और नासिक मर्चेंट कोऑपरेटिव बैंक के ब्रांच मैनेजरदीपक निकम को गिरफ्तार कर लिया है।




### 100 करोड़ से अधिक का लेनदेन

सूत्रों ने बताया कि ईडी को 100 करोड़ रुपए से अधिक के लेनदेन की जानकारी मिली है। महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, ओडिशा, बंगाल जैसे राज्यों के लिए किए गए 2,500 से अधिक लेन-देन और लगभग 170 बैंक शाखाएं ईडी की जांच के दायरे में हैं।

### चुनाव में बैंक खातों के दुरुपयोग की भी जांच

ईडी को आशंका है कि आरोपी आम लोगों की बैंक से जुड़ी जानकारी का दुरुपयोग करके धोखाधड़ी के लिए प्रयोग किए जाने वाले खातों के रूप में इसका इस्तेमाल कर सकता है। चुनाव में इन खातों के दुरुपयोग के पहलू पर भी गौर किया जा रहा है। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि अभी तक इस संबंध कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला है।

### दवाओं के साइड इफेक्ट की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें चिकित्सा पेशेवरों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वे मरीजों को लिखी गई दवा से जुड़े सभी प्रकार के संभावित जोखिमों और दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दें। सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट के 15 मई के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, यह व्यावहारिक नहीं है।



जानकारी / शिखर चंद जैन

# दुनिया के अनोखे डॉल म्यूजियम्स

बच्चों को डॉल्स के साथ खेलना बहुत भाता है। बच्चे घर में अपनी पसंदीदा डॉल्स का कलेक्शन भी रखते हैं। दुनिया में बहुत से ऐसे अनोखे प्यारे से म्यूजियम हैं, जहां विभिन्न देशों के बहुत ही मोहक डॉल्स कलेक्शन देखने को मिल जाएंगे।

## म्यूजी डी ला पौपी फ्रांस

**फ्रांस के** इस डॉल्स म्यूजियम में सन 1800 से 2000 ई. तक की 5000 दुर्लभ फ्रेंच गुड़ियों का कलेक्शन है। खास बात यह है कि यहां इन गुड़ियों के साथ इनके प्यारे-प्यारे फर्नीचर, एसेसरीज और खिलौने भी रखे गए हैं। इस म्यूजियम में साल में दो-तीन बार गुड़ियों को अलग-अलग ढंग से सजाया भी जाता है। इस म्यूजियम में एक से बढ़कर एक गुड़ियों की गिफ्ट शॉप भी हैं, जहां से बच्चे अपनी पसंद की गुड़िया खरीद सकते हैं।





इतना ही नहीं, यहां इंटरनेशनल डॉल इंडस्ट्री के बारे में भी काफी कुछ जानकारी मिल जाती है। बच्चों, तुम यहां ई.पू. 1500 से 20वीं सदी तक के एंटीक डॉल्स देख सकते हो। यहां पर पोर्सलीन की यूरोपियन डॉल्स, इंटरनेशनल ट्रेवल डॉल्स, अमेरिकन क्लोप डॉल्स के अनेक प्रकार देखने को मिल जाएंगे। इस म्यूजियम में 'कोलंबिया' नाम की ऐतिहासिक डॉल भी रखी गई है, जो 1900 से 1902 ई. के दौरान पूरी दुनिया का भ्रमण कर चुकी है।

## याकोहामा डॉल म्यूजियम जापान



दुनिया में अपनी तरह के इस अनूठे म्यूजियम में 140 देशों के दस हजार से भी ज्यादा गुड़ियों को संजोकर रखा गया है। दुनिया भर से अलग-अलग किस्म के डॉल्स का संग्रह और उसकी देखभाल करना कोई आसान काम नहीं है। यहां प्राचीन काल की एंटीक डॉल्स से लेकर अलग-अलग कल्चर से प्रभावित अलग-अलग ड्रेसेज में डॉल्स को देखकर आश्चर्य होता है। इस म्यूजियम में जापानी लोक कला की डॉल्स के साथ मंदिरों और पूजा स्थलों में बिकने वाली डॉल्स भी खासतौर से रखी गई हैं।

## वेनहैम म्यूजियम बोस्टन, यूएस

इस म्यूजियम में दुनिया के उन डॉल्स का कलेक्शन है, जो पिछली पीढ़ियों के तौर-तरीकों, पहनावों और मूल्यों की जानकारी देते हैं। ना सिर्फ देसी बल्कि विदेशी संस्कृति और रीति-रिवाजों की काफी जानकारी इस म्यूजियम से संग्रहित गुड़ियों को देखने से मिल जाती है।

## कोबर्ग पपेन म्यूजियम जर्मनी

बच्चों, जर्मनी के कोबर्ग में डॉल्स का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। यहां तुम्हें जर्मनी की बेहतरीन क्लासिक डॉल्स देखने को मिल जाएंगी। यहां मौजूद लगभग 900 डॉल्स में से कई दुर्लभ फ्रेंच डॉल्स हैं। कोबर्ग डॉल म्यूजियम में इन गुड़ियों को उनके फर्नीचर, क्लोदिंग और एसेसरीज के साथ प्रदर्शित किया गया है। *

## शंकर इंटनेशनल डॉल म्यूजियम भारत





**बच्चों, दुनिया** भर के मशहूर डॉल्स म्यूजियम्स की जानकारी देने के बाद हम तुमको अपने देश भारत के मशहूर शंकर इंटनेशनल डॉल म्यूजियम के बारे में भी बताते हैं। इस म्यूजियम की स्थापना 1965 में फेमस कार्टूनिस्ट के. शंकर पिल्लई ने की थी। इस म्यूजियम की खास बात यह है कि इसमें दुनिया के किसी भी दूसरे डॉल म्यूजियम से ज्यादा कॉस्ट्यूम डॉल्स हैं। बच्चों, इस म्यूजियम की शुरुआत की कहानी बहुत दिलचस्प है।

अपने पॉलिटिकल कार्टूस की वजह से के. शंकर पिल्लई को एक बार हंगरी के राजदूत ने एक प्यारी-सी गुड़िया दी। यह गुड़िया शंकर द्वारा आयोजित बच्चों की एक प्रतियोगिता में विजेता को दिए जाने के लिए उन्हें दी गई थी, लेकिन शंकर को यह गुड़िया इतनी पसंद आई कि उन्होंने इसे अपने पास रख लिया। इसके बाद से ही शंकर को गुड़ियों से बहुत लगाव हो गया। फिर तो वे देश-विदेश में जहां भी जाते, वहां से ढेर सारी गुड़िया लेकर आते। इस म्यूजियम में 85 देशों से इकट्ठी की गई 6,500 से अधिक डॉल्स हैं।



बच्चों, महाराष्ट्र में स्थित अजंता की गुफाएं, देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र हैं। इनकी खोज से जुड़ी घटना भी कुछ कम रोचक नहीं है। क्या है वो किस्सा, तुम भी जानो।

# कैसे खोजी गईं अजंता की गुफाएं

रोचक जानकारी

बच्चों, भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में स्थित अजंता की गुफाएं, दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर लगभग 480 ईस्वी के दौरान 30 चट्टानों को काटकर बनाई गई बौद्ध गुफा-स्मारक हैं। यह देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक इन्हें देखने आते हैं। अजंता की गुफाओं को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है।



अजंता गुफा खोजने की यह घटना आज से लगभग 200 वर्ष पूर्व की है, जब अपने देश में अंग्रेजों का शासन था। एक ब्रिटिश अधिकारी (जॉन स्मिथ) शिकार की खोज में औरंगाबाद के घने जंगल और पहाड़ियों में घूम रहा था। लेकिन उसे कोई मनपसंद शिकार नहीं मिला। थक-हार कर वह एक पेड़ पर चढ़कर सो गया। जब उसकी नींद खुली तो उसने पास ही एक पेड़ से लकड़ी काटते व्यक्ति को देखा। ब्रिटिश अधिकारी ने उसको अपने पास बुलाकर कहा, 'अगर तुम मुझे किसी शेर या चीते के ठिकाने के बारे में कुछ बता दो तो मैं तुम्हें इनाम दूंगा।' उस नौजवान को इस बारे में कुछ भी पता नही था, लेकिन उसने पैसे की लालच में आकर कह दिया, 'मेरे साथ आइए।' फिर वह उस अंग्रेज अधिकारी को घनी झाड़ियों में ले गया और अंगुली से इशारा करके बोला, 'वो सामने है शेर की गुफा।' उसके बाद वह नौजवान अपना इनाम लेकर चलता बना। अब वह अंग्रेज अधिकारी उस व्यक्ति के बताए गुफा की तरफ जाने लगा। रास्ता बहुत दुर्गम था और डरावना भी। लेकिन वह जान हथेली पर रखकर बढ़ता जा रहा था। वह पेड़ों के झुरमुट के बीच पहुंचकर कुछ देखने लगा तो आगे पगडंडी के रास्ते में उसे बैंगनी रंग के पत्थरों के खंभों के बीच सुनहरे लाल रंग की कुछ ऐसी चीजें दिखीं, जिन्हें देखकर वह आश्चर्य में पड़ गया। वह अधिकारी अपने खेमे में लौट आया, फिर वह आठ-दस लोगों को साथ लेकर उसी स्थान पर पहुंचा। उन लोगों ने रोशनी जलाकर गुफा में प्रवेश किया। अंदर का दृश्य बहुत ही अद्भुत और आश्चर्यचकित करने वाला था। दरअसल, वे अजंता की गुफाओं में पहुंच गए थे।

कुछ इस तरह सदियों तक गुमनाम और वीरान पड़ी रही अजंता की गुफाओं और मंदिरों तक पहुंचने का रास्ता साफ हो सका और देश-दुनिया को एक कौतुहल जगाता दर्शनीय पर्यटन स्थल मिला। *

-एफएमएन

## जीके क्विज-128



1. भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों अमेरिका में संपन्न हुए राष्ट्रपति चुनाव में किसने जीत हासिल की है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत में प्रथम विद्युत रेल कब चली थी?
5. हवाई जहाज का ब्लैक बॉक्स किस रंग का होता है?
6. कोयले की सर्वोतम किस्म कौन-सी है?
7. पौधे वायुमंडल से कौन-सी गैस अवशोषित करते हैं?
8. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
9. गुब्बारे में कौन-सी गैस भरी जाती है?
10. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?

बच्चों, जीके क्विज-128 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-127 का उत्तर :** 1.न्यूजीलैंड, 2.जिम्नास्टिक, 3.उत्तर प्रदेश, 4.गुजरात, 5.सुकुमार सेन, 6.यजुर्वेद, 7.जवाहरलाल नेहरू, 8.फणीश्वरनाथ 'रेणु', 9. 24 अक्टूबर, 10.गुरु गोविंद सिंह

**जीके क्विज-127 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, शुभम- बिलासपुर, पृथ्वीराज-बिलासपुर, कपिल-ईमेल से, दिव्या-रायपुर, हनी-रोहतक, कुसुम-महासमुंद, राकेश-रायगढ़, दिव्यम-बेमेतरा, हर्ष-महेंद्रगढ़, काव्या-बलौदा बाजार

## हंसगुल्ले

**गप्पू :** दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो सीधा सूरज से टकरा गया।
**पप्पू :** (आश्चर्य से) फिर क्या हुआ?
**गप्पू :** फिर मेरी पिटाई हुई।
**पप्पू :** किसने पीटा?
**गप्पू :** सूरज की मम्मी ने।

-अलका, भोपाल

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
**सोनू :** 20 नंबर।

-कुमकुम, बिलासपुर

**टीचर :** अगर हम 3 किताबों में 2 और किताबें जोड़ देंगे तो कितनी किताबें बन जाएंगी?
**रोहन :** सर, 5 किताबें।
**टीचर :** वेरी गुड। अब बताओ, 343 किताबों में 433 किताबें जोड़ देंगे तो...?
**रोहन :** सर, लाइब्रेरी।

-आदित्य, रायपुर

कहानी
विमला रस्तोगी

शुचि अपने और अपनी सहेली रूपा के परिवार के साथ गंगा मेला में गई। वहां उसने देखा कि गंगा किनारे लोग सफाई के प्रति लापरवाह हैं। यह बात उसे बहुत बुरी लगी। शुचि चुप नहीं रही, गंगा नदी और उसके आस-पास स्वच्छता के लिए उसने कुछ प्रयास किए। इस प्रयास में शुचि और रूपा का परिवार भी शामिल हुआ। बच्चों, तुम्हारे लिए एक प्रेरक कहानी।

# गंगा मैय्या के तट पर




शुचि ने लपक कर अपनी सहेली रूपा को गले लगा लिया। दोनों बहुत खुश थीं। हो भी क्यों ना, आखिर दो वर्ष बाद दोनों सहेलियां मिल रही थीं। शुचि और रूपा पहले भोपाल में एक ही कॉलोनी में रहती थीं, वहां दोनों एक ही स्कूल, एक ही क्लास में पढ़ती थीं। दोनों परिवारों के बीच भी बहुत ही पारिवारिक संबंध थे। अभी दो साल पहले रूपा अपने मम्मी-पापा और छोटे भाई आकाश के साथ उत्तर प्रदेश के शहर गाजियाबाद में शिफ्ट हुई थी। जबकि शुचि अपने परिवार के साथ वहीं भोपाल में ही रह रही थी। रूपा के पापा ने शुचि के पापा को निमंत्रण दिया था कि वे पूरे परिवार के साथ गाजियाबाद आ जाएं, यहां से कुछ ही दूर पर गढ़मुक्तेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा पर गढ़ मेला लगता है। यह बहुत ही प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक मेला है। लाखों लोग इस मेले में आते हैं। चलकर हम लोग भी गढ़ मेला देखेंगे और गंगा स्नान करेंगे।

शुचि का परिवार दिवाली के दस दिन बाद ही गाजियाबाद आ गया। अगले दिन दोनों परिवार गढ़ गंगा मेला देखने गए। रूपा के पापा ने मेले में पहले से ही टेंट की व्यवस्था कर ली थी। शुचि और उसके छोटे भाई अमन के लिए यह एकदम नया और अलग किस्म का अनुभव था, क्योंकि वे पहली बार गंगा मेला देख रहे थे। रूपा ने शुचि के छोटे भाई से पूछा, 'अमन, तुम्हें यहां आकर कैसा लग रहा है?'

'बहुत ही अच्छा लग रहा है दीदी।' अमन ने कहा। उधर गंगा तट पर खड़ी शुचि भी दूर-दूर तक बहती गंगा को देखकर गद्गद हो रही थी। तभी उसकी नजर गंगा में बहते प्लास्टिक, खाली बोतलों और कूड़े-कचरे पर गई। वह रूपा से कुछ कहने ही वाली थी कि वहीं खड़े होकर चिप्स खा रहे अमन और आकाश ने अपने चिप्स के रैपर्स गंगा नदी के तट पर फेंक दिए।

'अमन, यह क्या किया तुमने और आकाश तुम भी?' शुचि ने टोका।

'और लोग भी तो फेंक रहे हैं।' अमन बोला।

'अगर और लोग गलती करेंगे तो क्या तुम भी करोगे? माना हमने गंगाजी को आज देखा है, लेकिन गंगाजी के बारे में हम बहुत कुछ जानते हैं। हमारे देश में गंगा को मां के समान माना गया है, देवी की तरह इनकी पूजा होती है।' शुचि, आकाश-अमन से बोली।

'सॉरी दीदी, पर और लोग जो ऐसा कर रहे हैं, उन्हें कौन समझाएगा?' आकाश ने पूछा।

'अब क्या ही कहें उन्हें? नासमझ या लापरवाह?' शुचि ने अफसोस किया।

घाट से स्नान करके सब वापस टेंट में लौट आए। शुचि और रूपा के मम्मी-पापा टेंट में आराम करने लगे। शुचि, रूपा, अमन और आकाश टेंट के आस-पास घूमने लगे। ऐसा लग रहा था मानो गंगा नदी के किनारे कुछ दिनों के लिए एक नगर बस गया हो।

अगले दिन सुबह रूपा और शुचि ने देखा कि पास वाले टेंट में रहने वाला एक व्यक्ति झाड़ू लगा रहा है। शुचि ने झाड़ू लगा रहे व्यक्ति के पास जाकर पूछा, 'इस कूड़े को अंकल आप कहां फेंकेंगे?'

'अरे बेटा, झाड़ू लगाते हुए सामने तक चले जाएंगे, गंगा मैय्या सब बहाकर ले जाएंगी।' झाड़ू लगा रहे व्यक्ति ने बताया।

'अंकल आप कैसी बातें करते हैं? एक तरफ तो आप गंगा को मां कह रहे हैं, दूसरी तरफ उसमें कूड़ा डालें, ऐसा तो नहीं करना चाहिए।' शुचि बोली। साथ ही रूपा भी बोल पड़ी, 'देखिए अंकल, आगे डस्टबिन रखा है, उसी में कूड़ा डालें, और आगे भी इस बात का ध्यान रखें।'

'ठीक है बेटा, ध्यान रखेंगे।' उन अंकल ने शुचि और रूपा की बात मानी।

फिर दोनों सहेलियां अमन और आकाश के साथ गंगा किनारे चली गईं। वहां लोगों को गंगा का महत्व और इसकी सफाई के बारे में समझाने लगीं, 'गंगा हमारी पूज्य नदी हैं, जीवनदायिनी हैं, यह हमारे लिए पेय जल का स्रोत होने के साथ-साथ सिंचाई का महत्वपूर्ण साधन भी है। हमारे देश के करोड़ों लोगों की आस्था इससे जुड़ी है। गंगा को गंदा मत करें, इसमें कचरा मत डालें। हम लोगों की नासमझी और लापरवाही की वजह से गंगा सबसे प्रदूषित नदी बन गई है।' अगले दिन गंगा की सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने में शुचि और रूपा के मम्मी-पापा भी उनके साथ थे।

मेले से लौटते समय शुचि ने गंगा मैया को नमन किया, प्रार्थना की। उसे उम्मीद थी कि लोग गंगा मैया की स्वच्छता के प्रति जागरूक होंगे और इसे प्रदूषण रहित रखने में अपना योगदान देंगे। साथ ही शुचि को संतोष था कि मां गंगा की सफाई में उसने अपनी तरफ से कुछ योगदान दिया। *

कविता
गोविंद भारद्वाज



## सर्दी आई थोड़ी-थोड़ी

दूर हो गयी गरमी अब तो,
सरदी आयी, थोड़ी-थोड़ी।
मौसम ने बदली है करवट,
ठंडी छायी, थोड़ी-थोड़ी।

कूलर-पंखे बंद हुए सब,
ए.सी. ने भी आराम लिया।
लू के गर्म चपेटों ने अब,
वापस जाने का नाम लिया।

कोहरे की आहट सुनी तो,
कॉफी भायी, थोड़ी-थोड़ी।
मौसम ने बदली है करवट,
ठंडी छायी, थोड़ी-थोड़ी।

स्वेटर-कंबल और रजाई,
बाहर आने को ताक रहे।
कब तक बढ़ने वाली सर्दी,
बैठे-बैठे सब आंक रहे।

धूप गुनगुनी होने को है,
मन हरषायी, थोड़ी-थोड़ी।
मौसम ने बदली है करवट,
ठंडी छायी, थोड़ी-थोड़ी।

## रंग भरो-162

**रंग भरो-162** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, अटेली मंडी



डॉली, मटियारी



स्वास्तिक, बैकुंठपुर



प्रगति, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



रितेश, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, मंशी-कोसली, संतृप्ति-भरनी, वसनी-रायपुर, वेदांत-भिवानी, खुशबू-दुर्ग, अनन्या-कोंडागांव, हर्षिता-महासमुंद, दीप्ति-रायगढ़, कुसुम-बलौदा बाजार, सोहम-रोहतक, जतिन-भोपाल


## रंग भरो 163



बच्चों, यहां एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बाईं तरफ एक क्यूट-से पपी का चित्र दिया गया है। दाईं तरफ चार परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ कि पपी के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?



## एमसीडी चुनाव कशमकश भरा रहा

# आप के खींची 3 वोट से बन नए मेयर, कांग्रेस पार्षद का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी को जीत मिली है। महेश कुमार खींची मेयर बन गए। आप को 133 मिले। भाजपा को 130 वोट मिले। आप के 10 पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की। कुल 265 वोट पड़े। 2 वोट अवैध घोषित किए गए। इससे पहले कांग्रेस ने चुनाव से वॉकआउट किया।

एक नाटकीय घटनाक्रम में कांग्रेस पार्षद सबीला बेगम ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। खींची वर्तमान में देव नगर वार्ड से पार्षद हैं। आप द्वारा मैदान में उतारे गए दलित उम्मीदवार खिंची ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किशन लाल को तीन वोटों के मामूली अंतर से हराया। सीएम आतिशी ने मेयर बनने पर महेश खींची जी को बधाई! मुझे उम्मीद है कि आपके नेतृत्व में एमसीडी में अरविंद केजरीवाल जी की राजनीति आगे बढ़ेगी। कांग्रेस ने चुनाव का बहिस्कार किया था।

# तीनों सेनाओं और डीआरडीओ के बीच हुआ इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सिग्नेचर प्रबंधन पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच हो रहे नित नए खुलासों के बीच देश की तीनों सशस्त्र सेनाओं, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), रक्षा उत्पादन विभाग और उद्योग जगत के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हाल ही में संयुक्त इलेक्ट्रोमैग्नेटिक बोर्ड (जेईएमबी) की एक वार्षिक बैठक हुई। जिसमें इलेक्ट्रॉनिक युद्ध, सिग्नेचर प्रबंधन, उभरती हुई तकनीक, ईएमआई/ईएमसी, स्पेक्ट्रम प्रबंधन और मानव संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संयुक्त संचालन और एकीकरण के अलावा कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि बीते 13 नवंबर को संपन्न हुई इस बैठक को चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) की उप समिति यानी जेईएमबी द्वारा आयोजित किया गया था।

## ट्रंप प्रशासन ने तुलसी गबार्ड को 'राष्ट्रीय खुफिया निदेशक' बनाने का किया ऐलान

# सीआईए, एफबीआई सहित 18 जासूसी एजेंसियों की 'बॉस' बनी हिंदू महिला



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व नेता से कट्टर समर्थन बनी तुलसी गबार्ड को 'राष्ट्रीय खुफिया निदेशक' बनाने की घोषणा की है। चार बार सांसद रह चुकीं गबार्ड अपनी नई भूमिका में अमेरिका में 18 जासूसी एजेंसियों की देखरेख करेंगी, जिनमें दुनियाभर में अपने मिशन के लिए बदनाम सीआईए से लेकर संघीय एजेंसी एफबीआई भी शामिल है। तुलसी गबार्ड हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़कर रिपब्लिकन खेमे में शामिल हुई थीं। वे 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव उम्मीदवार थीं। ट्रंप ने घोषणा करते हुए कहा, 'मुझे यह ऐलान करते हुए काफी खुशी हो रही है कि पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट कर्नल तुलसी गबार्ड डॉयरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलीजेंस (डीएनआई) के रूप में सेवाएं देंगी। दो दशकों से अधिक समय तक तुलसी ने हमारे देश और सभी अमेरिकियों की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी है।' उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व उम्मीदवार के रूप में उन्हें दोनों दलों में व्यापक समर्थन प्राप्त है, लेकिन अब वह रिपब्लिकन पार्टी की अहम सदस्य हैं...।'

### मां ने रखा हिंदू नाम

तुलसी गबार्ड अमेरिकी कांग्रेस में चुनी जाने वाली पहली हिंदू के रूप में चर्चा में आई थीं, लेकिन दिलचस्प बात ये है कि वह न तो भारतीय मूल की हैं और न ही जन्म से हिंदू हैं। तुलसी का जन्म 12 अप्रैल 1981 को अमेरिकी समोआ में माइक गबार्ड के घर हुआ था। जब वह दो साल की थीं, तो उनका परिवार हवाई में बस गया। खुद को प्राउड हिंदू बताने वाली तुलसी गबार्ड की मां की हिंदू धर्म में रुचि थी। यही वजह है कि उन्होंने अपने चारों बच्चों के हिंदू नाम रखे। धीरे-धीरे उनके समोअन पिता ने भी हिंदू धर्म अपना लिया। तुलसी ने कई बार बताया है कि कैसे भगवदगीता ने उन्हें बहुत ज्यादा प्रभावित किया है।

### अमेरिका की पहली हिंदू सांसद

गबार्ड ने आर्मी नेशनल गार्ड में दो दशक तक सेवाएं दी हैं। गबार्ड को मात्र 21 साल की उम्र में हवाई राज्य की विधायक बनीं लेकिन इसी दौरान नेशनल गार्ड की यूनिट के लिए उन्होंने इराक में तैनाती मिल गई, जिसके कारण उन्हें एक कार्यकाल के बाद ही पद छोड़ना पड़ा। बाद में वह कांग्रेस की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गईं, जहां उन्होंने हवाई का प्रतिनिधित्व किया। वह अमेरिकी हाउस की पहली हिंदू सांसद बनीं और गीता पर हाथ रखकर शपथ ली। अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुनी जाने वाली पहली समोअन भी हैं।

### डेमोक्रेटिक से नाता तोड़ ट्रंप को समर्थन

साल 2020 में गबार्ड ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक रेस में हिस्सा लिया। हालांकि, बाद वे रेस से हट गईं और जो बाइडन का समर्थन किया। इसके दो साल बाद उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी से पूरी तरह नाता तोड़ लिया। विदेश में सेना की तैनाता की विरोध करते हुए उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी को 'युद्ध प्रेमियों का अभिजात्य गिरोह' कहा। गबार्ड के कदम ने समर्थकों के साथ ही विरोधियों को भी हैरान किया। इस साल की शुरुआत में गबार्ड ने डोनाल्ड ट्रम्प को समर्थन दिया था, जिससे उनके समर्थकों के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़ गई थी। अक्तूबर में उत्तरी कैरोलिना में एक रैली में, उन्होंने आधिकारिक तौर पर रिपब्लिकन बनने की घोषणा की और मौजूदा डेमोक्रेटिक पार्टी की आलोचना की।

# भारतीय जनता पार्टी ने पैसों के दम पर महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनाई : खड़गे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा ने पैसों के दम पर महाराष्ट्र में महायुति की सरकार बनाई। फिर उसी पैसे को जनता से वसूल किया। इस सरकार ने गरीबों के लिए काम करने का वादा किया था, लेकिन कुछ नहीं किया। भाजपा का हर नेता सिर्फ झूठ बोलता है। इसलिए, महाराष्ट्र की जनता ने ठान लिया है, इस बार यहां महाविकास आघाड़ी की सरकार बनाएंगे। महाराष्ट्र के इगतपुरी में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि भाजपा नेता कांग्रेस सरकार की गारंटियों को झूठ बताते हैं, लेकिन कांग्रेस सभी जगह अपने वादे निभा रही है। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी ने वादा किया था कि विदेश में जमा काला धन लेकर आएंगे। सबके खाते में 15 लाख रुपये डालेंगे। हर साल दो करोड़ नौकरियां देंगे। किसानों की आय दोगुनी होगी। लेकिन उनके सभी वादे झूठे निकले।

# नौसेना के पहले फ्लीट सपोर्ट जहाज के पूर्ण उत्पादन कार्य की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के पहले फ्लीट सपोर्ट जहाज के पूर्ण रूप से उत्पादन कार्य यानी कील लेइंग की विशाखापट्टनम स्थित हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) में शुरुआत हो गई है।

इस बाबत आयोजित एक समारोह में नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल बी.शिवकुमार, कंट्रोलर वॉरशिप प्रोडक्शन एंड एक्यूजिशन, एचएसएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक शामिल हुए। नौसेना ने बताया कि उसे ऐसे पांच फ्लीट सपोर्ट जहाजों की आवश्यकता है। जिनमें यह पहला है। जिसके निर्माण कार्य की शुरुआत हुई है। नौसेना ने पिछले साल 2023 में एचएसएल में इन पांच जहाजों की खरीद से जुड़े एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। वर्ष 2027 के मध्य से इनकी नौसेना में आवक शुरू हो जाएगी।

**हाथकरघा (लूम) आपूर्ति हेतु निविदा निरस्तीकरण**
**जिला हाथकरघा कार्यालय बालोद (छ.ग.)**
दूरभाष क्र. 07749-223936, 9691312326, 9300521592
email- balodadh@gmail.com

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

बालोद जिले की बुनकर सहकारी समितियों को लगने वाले हाथकरघे एवं सहायक उपकरणों को क्रय के पूर्व दर निर्धारण हेतु पंजीकृत निर्माता / फर्मों से सील बंद लिफाफे में दिनांक 25.10.2024 से 14.11.2024 तक निविदाएं आमंत्रित की गई थी। उक्त आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

सहायक संचालक हाथकरघा
बालोद (छ.ग.)
G-242503783/1

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
(स्थानीय निर्वाचन ) जिला - गरियाबंद (छ.ग.)
Email ID - (1) snsgbd@gmail.com, (2) deo-gariyaband.cg@nic.in

**मतपत्रों के मुद्रण कार्य के लिये निविदा सूचना**

क्रमांक / 266/ स्था. निर्वा./निविदा/2024 गरियाबंद, दिनांक 13/11/2024

छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला गरियाबंद में वर्ष 2024-25 में होने वाले नगरीय निकायों (नगरपालिका) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा फार्म ( जिसका कि मूल्य रूपये 100.00 है) अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस / समय में प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदायें इस कार्यालय में दिनांक 04.12.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक प्राप्त की जावेगी और उसी दिनांक को 04:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 84) में खोली जावेगी ।
2. मुद्रण के लिए मुद्रकों को कागज इस कार्यालय से उपलब्ध कराया जावेगा ।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी इस कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है ।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
G-242503805/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोटा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 161075 निविदा सूचना क्र. 16/वले.लि. / ई-प्रोक्युरमेंट / 2024 - 25, दि. 13-11-2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 04-12-2024 17:30 बजे तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम :- साल्हे डबरी जलाशय योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य ।**

**अनुमानित लागत :- रू. 226.97 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 20.11.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोटा
जिला- बिलासपुर (छ.ग.)
G-242503792/3

**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION Raipur (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in (First Call)**

NIT NO: 87/15FC/RMC/2024 RAIPUR DATED: 05/11/2024

Online bids are invited for the following works of works up to **28.11.2024 at 17:30 hours**.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit | Eligible class of Contractor/ firm | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 160956 | Laying of Paver Blocks at Various Location of Raipur City Under 15th Finance (Remaining Fund of FY 2020-21) | 1.00 Crore | 5,000/- | 1,00,000/- | "D" and above | 04 Months |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in in from 05.11.2024 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

SUPERINTENDING ENGINEER MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

# 18 से 20 नवंबर तक राजधानी में होगा वायुसेना का कमांडर सम्मेलन 19 को रक्षा मंत्री का होगा संबोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की चुनौती के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 20 नवंबर से लाओस की तीन दिवसीय यात्रा पर रहेंगे। जिसका उद्देश्य आसियान के रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस यानी एडीएमएम-प्लस में भारत को नेतृत्व प्रदान करना है। साथ ही उनकी समूह के कुछ अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी हो सकती हैं। बैठक में दस देशों के समूह आसियान के अलावा कुछ अन्य देशों के रक्षा मंत्री संवाद भागीदार के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान होने वाली चर्चा में क्षेत्र में उभरती हुई सुरक्षा स्थिति, हिंद-प्रशांत की चुनौती और आतंकवाद के खतरे से मुकाबले के लिए उठाए जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# डीआरडीओ ने सफलता से पूरे किए गाइडेड पिनाका वेपन सिस्टम के परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सफलता के साथ गाइडेड पिनाका वेपन सिस्टम के परीक्षण पूरे कर लिए हैं।

इनका आकलन प्रोविजल स्टाफ क्वालिटेटिव रिक्वायरमेंट (पीएसक्यूआर) से जुड़े प्रमाणीकरण परीक्षणों के जरिए किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि संगठन ने यह तमाम परीक्षण देश के अलग-अलग भागों में मौजूद फील्ड फायरिंग रेंज में तीन चरणों में पूरा किए हैं। जिसमें पीएसक्यूआर मानकों जैसे रेंज, सटीकता, निरंतरता और बहुत सारे लक्ष्यों पर सटीकता से निशाना लगाने की जांच की गई। इसके अलावा सिस्टम में शामिल रॉकेटों की व्यापक आधार पर जांच की गई।

# आश्चर्यजनक! आदमखोर तेंदुए को आजीवन कारावास की सजा

एजेंसी ▶▶| सूरत

■ सूरत की घटना

गुजरात के सूरत जिले में कम से कम तीन लोगों को मौत के घाट उतारने के जुर्म में एक तेंदुए को 'आजीवन कारावास' की सजा सुनाई गई है। रविवार को सूरत के मांडवी के पास एक सप्ताह तक चले अभियान के बाद पकड़े गए तेंदुए को वन विभाग ने यह सजा सुनाई। इस तेंदुए ने जिले के गांवों में आतंक मचा रखा था। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुआ अपना शेष जीवन उसी जिले के झंखवाव स्थित पुनर्वास केंद्र में बिताएगा। सूरत के उप वन संरक्षक आनंद कुमार ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि जब कोई जानवर मनुष्यों पर हिंसक हमला करने का आदी हो जाता है, तो उसे खुले में नहीं रखा जा सकता। कुमार ने कहा कि वन विभाग के नियमों के अनुसार, ऐसे जानवरों को पुनर्वास केंद्रों में रखा जाता है।

## तोशाखाना मामला : इमरान का अनुरोध खारिज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने तोशाखाना से जुड़े एक अन्य मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को बरी करने की याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। सेंट्रल इस्लामाबाद के विशेष न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद ने अदियाला जेल में सुनवाई के दौरान इमरान और उनकी पत्नी को बरी करने की याचिका खारिज करते हुए घोषणा की कि सोमवार को उनके खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय किए जाएंगे।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION ZONE-05**
**MANGALAM COMPLEX AGRASEN CHOWK RAIPUR (C.G.)**
E-mail : rmczone05@gmail.com

Ref:868/RMC/NNR/2024 Raipur, Dated:11/11/2024

**Notice Inviting Sponsorship**

Subject:- Proposal for Sponsorship-Based Operation and Maintenance of Gardens & Dividers.

Raipur Municipal Corporation Zone No. 05 Invites Sponsorship Applications fromfirms/ agencies/ PSU/ Builders/ Corporations/ Individuals/ Society/ NGOs/ Contractors/ Department for the operation and maintenance of Gardens & Dividers of the Municipal Corporation area of Zone No. 05 The Applicant can select any Garden & Divder in the municipal area they are interested in. The List of Garden and Divider and detail sponsorship Notifications and details can be availed from Municipal Corporation Office Zone No. 05. Detailed EOI documents can be obtained from the tendar section Room No 07 Raipur municipal Corporation Zone No 05 The last date for Submission is 22/11/24 For more information. Visit our Website eproc.cgstate.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE NO-05
RAIPUR MUNICIPAL CORPORATION

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER WATER RESOURCES DIVISION, KANKER (C.G.)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(FIRST CALL)**

System Tender No. 161055/ NIT No.: 17/SAC/2024-25
Kanker, Dated: 13.11.2024
Online Tenders are invited for the following works up to 04.12.2024 at 17.30 Hours.
**Name of work:** Renovation of Sub Division Office Antagarh in Block Antagarh, District Kanker.
**Probable Amount of Contract:-** Rs. 59.17 Lakhs
(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).
The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 20.11.2024, at 17.31 Hours. (IST) onwards.
**NOTE:-** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e- procurement portal (https://eproc.cgstate.gov.in) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Resources Division Kanker
G-242503781/3

**CAVEAT NOTICE**

**IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHTTISGARH AT BILASPUR**

**CAVEATOR (PROPOSED RESPONDENT)** :- STATE OF CHHATTISGARH, THROUGH ITS SECRETARY, GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, DEPARTMENT OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT, MANTRALAYA, MAHANADI BHAWN NAVA , RAIPUR, ATAL NAGAR, DISTRICT RAIPUR (C.G.).

**Versus**

**NON CAVEATOR/ (PROPOSED PETITIONER)** - PUBLIC IN GENERAL.

1. That, the Government of Chhattisgarh, Department of Panchayat & Rural Development, Mantralaya, Mahanadi Bhawan, Nava Raipur, Atal Nagar, District Raipur has issued an Instruction No. 05 with regarding determination of Constituencies of Janpad Panchayats under the provisions of Chhattisgarh Panchayat Raj Adhiniyam, 1993 vide instruction dated 23.10.2024.
2. That, as the Elections of Three-Tier Panchayats will be held in near future, the Caveator/State apprehends that, the Non Caveator/Proposed Petitioner may approach this Hon'ble Court by filing Writ Petition challenging the aforesaid proceeding/action of the Caveator/State and may seek interim relief to stay the same.
3. That, the Caveator/Proposed Respondent submits that, in case of filing of writ petition by the Non Caveator/Proposed Petitioner, the Caveator may kindly be heard before granting any interim relief/stay in their favour.
4. That, the address for service of notice to the Caveator/State is as under
"Office of the Advocate General, High Court Premises, C.G., Bodari, Bilaspur, District Bilaspur (C.G)".

Bilaspur,
Dated: 25/10/2024
G-242503811/2

[Shashank Thakur ]
Deputy Advocate General
COUNSEL FOR THE CAVEATOR/STATE

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, कोरबा (छ. ग.)**

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
( प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्र. 03 / व. ले. लि . / 2024-25 दिनांक 13-11-2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 04-12-2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

**कार्य का नाम-** सेन्द्रीपाली जलाशय योजना के शीर्ष एवं नहर का जीर्णोद्वार एवं नहर कांक्रीट चैनल कार्य ।

**( सिस्टम निविदा क्र. 161125 ) :-**

**अनुमानित लागत** – रू. 253.79 लाख

**(टीप :-** निविदा जल संसाधन विभाग के एस. ओ. आर. अगस्त 2022 के अनुसार आमंत्रित है ।)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 20-11-2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है ।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate ( Valid up to 30.11.2025 ) का उपयोग अनिवार्य है ।

कार्यपालन कार्यपालन
अभियंता जल संसाधन संभाग,
कोरबा (छ.ग.)
G-242503789/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**

**ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण )**

सिस्टम निविदा क्र. 161011 / निविदा सूचना क्र. 02 / वलेलि / 2024-25,
राजनांदगांव, दिनांक 11.11.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 02.12.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम - राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड राजनांदगांव के अंतर्गत कलकसा जलाशय के दांयी तट नहर की आर.डी. 0 मी. से 2300 मी. एवं बांयी तट नहर आर.डी. 0 मी. से 1910 मी. तक जीर्णोद्धार एवं नहर लाईनिंग कार्य, 03 नग व्ही. आर. बी., 26 नग कोलापा, 01 नग फॉल का निर्माण एवं 09 नग स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य ।**

**अनुमानित लागत - रु. 162.38 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.11.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)
कृते - अधीक्षण अभियंता शिवनाथ
मण्डल दुर्ग (छ.ग.)
G-242503766/2

**कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़, रायपुर**
द्वितीय तल, वाणिज्यिक कर विभाग, जी. एस. टी. भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, कैपिटल काम्प्लैक्स, अटल नगर ( जिला - रायपुर ) 492002, फोन : 0771-2512180 ई मेलः- igreg.cg@nic.in

क्रमांक 1688/तक-3/43/ 2024 नवा रायपुर, दिनांक 11/11/2024

**खुली निविदा सूचना**

महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक स्टाम्प, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर द्वारा राज्य के उप पंजीयक कार्यालयों को मॉडल पंजीयन कार्यालय के रूप में विकसित किये जाने हेतु खुली निविदा के माध्यम से सेवा प्रदाता का चयन किया जाना है । तद्संबंध में इच्छुक निविदाकारो से निविदा आमंत्रित है।

1. इच्छुक निविदाकार महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक स्टाम्प, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के कार्यालय से निविदा दस्तावेज की प्रति प्राप्त कर सकते हैं।
2. निविदा दस्तावेज की प्रति पंजीयन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://igrs.cgstate.gov.in/ से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
3. इच्छुक निविदाकारों द्वारा निविदा शुल्क की राशि (प्रत्येक रूपये 5000/-) बैकड्राफ्ट के माध्यम से कार्यालय में जमा कर निविदा दस्तावेज प्राप्त किया जा सकेगा, वेबसाईट से डाउनलोड किये जाने की स्थिति में निविदा जमा करने के साथ उक्त शुल्क जमा किया जाना अनिवार्य होगा ।
4. निविदा के संबंध में आवश्यक जानकारी निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा जारी करने की तिथि | 13.11.2024 |
| 2. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.12.2024 सांय 4 बजे तक |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12.12.2024 सांय 5 बजे |
| 4. | पत्र व्यवहार का पता | कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़, रायपुर, द्वितीय तल, वाणिज्यिक कर विभाग, जी.एस.टी. भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, कैपिटल काम्प्लैक्स, अटल नगर (जिला - रायपुर ) 492002, फोनः 0771-2512180 igreg.cg@nic.in |

G-242503772/2

महानिरीक्षक पंजीयन
छत्तीसगढ़ रायपुर

## खबर संक्षेप

### मुथूट फाइनेंस के लाभ में 26 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मुथूट फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में लगभग 26 प्रतिशत बढ़कर 1,251.1 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 991 करोड़ रुपये रहा था। मुथूट फाइनेंस ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल परिचालन आय बढ़कर 4,117.4 करोड़ रही।

### फिनोल उत्पादन बढ़ाने हल्दिया पेट्रो का करार



**कोलकाता।** पूर्णेंदु चटर्जी के स्वामित्व वाले चटर्जी समूह का हिस्सा हल्दिया पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एचपीएल) ने फिनोल उत्पादन क्षमता का विस्तार करने के लिए लुमस टेक्नोलॉजी के साथ 'लाइसेंस संशोधन' पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी ने समझौते के तहत फिनोल उत्पादन क्षमता 300 किलोटन प्रति वर्ष (केटीपीए) से बढ़कर 345 केटीपीए हो जाएगी।

### होनासा कंज्यूमर को 18.57 करोड़ का घाटा



**नई दिल्ली।** होनासा कंज्यूमर लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 18.57 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के पास 'मामाअर्थ' और 'द डर्मा' कंपनी जैसे ब्रांड का स्वामित्व है। होनासा कंज्यूमर लिमिटेड ने बताया कि कंपनी को गत वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 29.43 करोड़ का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

### वीनस पाइप्स का लाभ बढ़कर 17 प्रतिशत




**नई दिल्ली।** वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 23.7 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बयान में कहा, स्टेनलेस स्टील पाइप तथा ट्यूब निर्माता व निर्यातक ने एक साल पहले की अवधि में 20.25 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ दर्ज किया था।

### पीएचएफ लीजिंग का नाम बदलकर हुआ क्रेडिफिन

PHF LEASING
Building Bharat

**नई दिल्ली।** गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पीएचएफ लीजिंग ने अपना नाम बदलकर क्रेडिफिन लिमिटेड कर लिया है। समूचे भारत में अपने बढ़ते ग्राहक आधार को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए उसने अपना कॉरपोरेट मुख्यालय भी दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया है। नया नाम 'क्रेडिफिन' ऋण पेशकशों की व्यापक श्रेणी को दर्शाता है और देशभर में प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित सुलभ वित्तीय समाधान प्रदान करने के कंपनी के अभियान के अनुरूप है।

### उबर ने चालकों के लिए पेश की नई सेवाएं




**नई दिल्ली।** ऐप आधारित टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली कंपनी उबर ने एसओएस एकीकरण, हेलमेट सेल्फी और महिला चालकों के लिए महिला सवारी को प्राथमिकता देने जैसी नई सेवाओं (फीचर) की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इनका मकसद अपने मंच पर 10 लाख से अधिक चालकों या ड्राइवर भागीदारों के अनुभव को '' सुरक्षित, आसान और निष्पक्ष'' बनाना है।

# ट्रंप की जीत के बाद सोने की चमक फीकी, चार दिन में 4 फीसदी टूटा

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

इस साल ज्यादातर समय सोने की कीमतों में तेजी रही। हालांकि, अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद पीली धातु का आकर्षण कम हो रहा है और इसकी कीमतों में गिरावट आ रही है। चुनाव के दिन से लेकर अब तक चार दिन में सोने की कीमत में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, जबकि व्यापक अमेरिकी शेयर बाजार में लगभग चार प्रतिशत की तेजी आई थी। ऐसा तब है जब निवेशक उम्मीद कर रहे हैं कि व्हाइट हाउस कर दरों को कम करेगा और शुल्क बढ़ाएगा। ऐसा संयोजन अमेरिकी सरकार के कर्ज और मुद्रास्फीति को बढ़ा सकता है।

## सोने के बदले अमेरिकी शेयर बाजार में चार फीसदी की तेजी आई

### ब्याज कम होने पर सोने को पहुंचेगा नुकसान

कम करों और उच्च शुल्क के लिए ट्रंप की प्राथमिकता भी वॉल स्ट्रीट को इस बात की उम्मीदों को कम करने के लिए मजबूर कर रही है कि फेडरल रिजर्व अगले साल ब्याज दरों में कितनी कटौती करेगा। कम दर कटौती का मतलब होगा कि सरकारी बॉन्ड पहले की अपेक्षा अधिक ब्याज देगा, और यह बदले में सोने की कीमत को नुकसान पहुंचा सकता है।



### सोना सुरक्षित निवेश का विकल्प बना रहेगा

पश्चिम एशिया, यूक्रेन और अन्य जगहों पर युद्ध अब भी जारी है, जबकि राजनीतिक तनाव भी पहले की तरह ही उच्चस्तर पर है, ऐसे में सोना संभवतः कई निवेशकों के पोर्टफोलियो में बना रहेगा। बड़े संस्थागत निवेशकों के लिए निवेश को संभालने वाली कंपनी रोबेको के कोष प्रबंधकों के अनुसार, ''सोना निवेशकों और केंद्रीय बैंकों दोनों के लिए पसंदीदा सुरक्षित निवेश विकल्प बना हुआ है।''

### सोना 700 रुपए टूटा और चांदी 2,310 रुपए लुढ़की

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में कमजोर मांग के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में एक बार फिर भारी गिरावट आई और यह 700 रुपये घटकर 77,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 77,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी भी 2,310 रुपये लुढ़ककर 90,190 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। सोने में लगातार चौथे सत्र में गिरावट का सिलसिला जारी रहा और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये घटकर 76,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।


वस्तुओं का निर्यात बढ़कर 39.2 अरब डॉलर, एक साल पहले इसी माह निर्यात 33.43 अरब डॉलर रहा

# देश का निर्यात अक्टूबर में 17.25 % बढ़ा, दो साल का सबसे बड़ा उछाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तु निर्यात अक्टूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। प्रतिशत के लिहाज से देखें तो यह दो साल में निर्यात के आंकड़े में सबसे बड़ा उछाल है। एक साल पहले इसी महीने में निर्यात 33.43 अरब डॉलर रहा था। आलोच्य महीने में व्यापार घाटा 27.14 अरब डॉलर रहा। गुरुवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में देश का आयात भी 3.9 प्रतिशत बढ़कर 66.34 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो एक साल पहले इसी माह में 63.86 अरब डॉलर था। व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच अंतर आलोच्य महीने में 27.14 अरब डॉलर रहा। यह पिछले साल इसी महीने में 30.42 अरब डॉलर के मुकाबले कम है। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह (अप्रैल-अक्टूबर) के दौरान देश का निर्यात 3.18 प्रतिशत बढ़कर 252.28 अरब डॉलर और आयात 5.77 प्रतिशत बढ़कर 416.93 अरब डॉलर रहा है।

## आलोच्य महीने में व्यापार घाटा 27.14 अरब डॉलर पहुंचा



### सरकार ब्रांड इंडिया को दे रही बढ़ावा

वाणिज्य मंत्रालय ने बाजार पहुंच पहल, ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने, गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने और व्यापार संवर्धन कार्यक्रम आयोजित करने के माध्यम से इन देशों में पैठ बढ़ाने को कदम उठाया है। बर्थवाल ने यह भी कहा कि वे निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में भारतीय दूतावासों के साथ बैठकें कर रहे हैं।

### सोने व चांदी का आयात हुआ कम

समीक्षाधीन महीने के दौरान सोने और चांदी का आयात थोड़ा कम होकर क्रमशः 7.13 अरब डॉलर और 0.33 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर, 2023 में यह क्रमशः 7.23 अरब डॉलर और 1.31 अरब डॉलर था।

### कच्चे तेल के आयात में वृद्धि

प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ बैठकें पहले ही हो चुकी हैं। अमेरिका और एशिया-प्रशांत देशों, अफ्रीका और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी इसी तरह की बैठकों की योजना बनाई गई है। अक्टूबर में कच्चे तेल का आयात बढ़कर 18.2 अरब डॉलर रहा। पिछले साल के इसी महीने में यह 16.1 अरब डॉलर था।

### छह क्षेत्र दे रहे सकारात्मक परिणाम

बर्नवाल ने कहा कि छह क्षेत्रों... इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, रसायन, प्लास्टिक और कृषि... के साथ-साथ 20 देशों पर ध्यान केंद्रित करने की सरकार की रणनीति सकारात्मक परिणाम दे रही है। इन 20 देशों की कुल वैश्विक आयात में हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है और इन छह खंडों की वैश्विक आयात में हिस्सेदारी 67 प्रतिशत है।

### क्रिसमस के कारण मांग बेहतर

वाणिज्य सचिव ने कहा, ''हम इन इन देशों में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए रणनीति बना रहे हैं और मुझे भरोसा है कि इस रणनीति से हमें इस साल के अंत तक बेहतर परिणाम मिलेगा।'' अक्टूबर में निर्यात में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज करने का एक कारण क्रिसमस मांग का बेहतर होना हो सकता है।

# चार महीने के उच्चस्तर पर थोक मुद्रास्फीति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर चार महीने के उच्चस्तर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गयी। खाद्य वस्तुओं खासकर, सब्जियों तथा विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सितंबर, 2024 में 1.84 प्रतिशत के स्तर पर थी। अक्टूबर, 2023 में यह शून्य से 0.26 प्रतिशत नीचे थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 13.54 प्रतिशत हो गई, जबकि सितंबर में यह 11.53 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति 63.04 प्रतिशत रही, जो सितंबर में 48.73 प्रतिशत थी। आलू तथा प्याज की मुद्रास्फीति अक्टूबर में क्रमशः 78.73 प्रतिशत और 39.25 प्रतिशत के उच्चस्तर पर रही। ईंधन और बिजली श्रेणी की



मुद्रास्फीति अक्टूबर में 5.79 प्रतिशत रही जो सितंबर में 4.05 प्रतिशत थी। विनिर्मित वस्तुओं में अक्टूबर में मुद्रास्फीति 1.50 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने यह एक प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में अक्टूबर में लगातार दूसरे महीने वृद्धि देखी गई। अक्टूबर से पहले जून, 2024 में यह 3.43 प्रतिशत के उच्चस्तर पर रही थी।

### विनिर्माण व मशीनरी की कीमतें बढ़ी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा, '' अक्टूबर, 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, अन्य विनिर्माण, मशीनरी तथा उपकरणों के विनिर्माण, मोटर वाहन, ट्रेलर आदि के विनिर्माण की कीमतों में बढ़ोतरी रही।''

## बिजनेस साइट

### वीआईटी ने 40वीं वर्षगांठ पर रूबी जयंती मनाई



**वेल्लोर।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) ने अपनी 40वीं वर्षगांठ (रूबी जयंती) का आयोजन किया, जिसमें भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और रूबी जयंती समारोह, सरोजिनी नायडू महिला छात्रावास ब्लॉक और आर.जी. का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में तमिलनाडु सरकार के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन, वीआईटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन, डॉ. शेखर विश्वनाथन, डॉ. जी.वी. सेल्वम, कार्यकारी निदेशक डॉ. संध्या पेंटारेड्डी और सहायक उपाध्यक्ष कदम्बरी एस. विश्वनाथन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एम. वेंकैया नायडू ने कहा कि सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए क्योंकि ये सर्वागींण विकास के लिए प्राथमिक क्षेत्र है। जिसे सहायता और समर्थन की आवश्यकता है। वीआईटी के संस्थापक और चांसलर डॉ. जी. विश्वनाथन ने अपने अध्यक्षीय भाषण में केंद्र और राज्य सरकारों से शिक्षा को और अधिक प्राथमिकता देने और इसके लिए पर्याप्त धन आवंटित करने का अनुरोध किया। डॉ. विश्वनाथन ने केंद्र सरकार से यह भी आग्रह किया कि शिक्षा संस्थानों से जीएसटी हटा दिया जाए या इसे घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाए, ताकि शिक्षा की लागत में कमी आए और छात्रों को लाभ मिले।



### ओक्रिज इंटरनेशनल स्कूल में ओआईएसवी मॉडल संयुक्त राष्ट्र 2024 का आयोजन

**विशाखापट्टनम।** ओक्रिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापट्टनम ने गर्व से 'ओआईएसवी एमयूएन 2024 - यूथ फॉर ए सस्टेनेबल फ्यूचर' की मेजबानी की। यह मॉडल संयुक्त राष्ट्र (एमयूएन) कार्यक्रम स्कूली छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं पर बहस करने, बातचीत करने और सहयोग करने के लिए देश के प्रतिनिधियों की भूमिका निभाने में सक्षम बनाता है। इस अनुभव ने छात्रों के सार्वजनिक वक्तव्य, कूटनीति, अनुसंधान और टीमवर्क के कौशल को सुदृढ़ किया, साथ ही अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जटिलताओं को समझने में भी मदद की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. विजया भास्कर ने सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर एक व्यावहारिक और प्रेरणादायक भाषण दिया। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो गंभीर विमर्श और सहयोग के लिए एक मंच साबित हुआ।

# रिलायंस, डिज्नी की मीडिया संपत्तियों का विलय हुआ पूरा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी मीडिया परिसंपत्तियों का वैश्विक मीडिया हाउस वॉल्ट डिज्नी के भारतीय कारोबार के साथ विलय पूरा कर लिया है। इससे 70,352 करोड़ रुपये का नया संयुक्त उद्यम अस्तित्व में आएगा।

एक संयुक्त बयान के अनुसार, इस संयुक्त उद्यम में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अपनी वृद्धि के लिए 11,500 करोड़ रुपये (1.4 अरब डॉलर) का निवेश किया है। इसकी चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। बयान के अनुसार, इस लेन-देन में संयुक्त उद्यम मूल्य बाहरी निवेश जोड़ने के बाद 70,352 करोड़ रुपये (8.5 अरब डॉलर) आंका गया है। सौ दा पूरा होने के साथ संयुक्त उद्यम का नियंत्रण रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास रहेगा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास संयुक्त उद्यम में 16.34 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि इसकी अनुषंगी की अनुषंगी कंपनी वायकॉम 18 के पास 46.82 प्रतिशत और डिज्नी के पास शेष 36.84 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसमें कहा गया, "नीता एम. अंबानी संयुक्त उद्यम की चेयरपर्सन होंगी, जबकि उदय शंकर संयुक्त उद्यम को रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए वाइस चेयरमैन होंगे। वायकॉम 18 मीडिया और वॉल्ट डिज्नी कंपनी को वायकॉम 18 के मीडिया और जियोसिनेमा कारोबार के स्टार इंडिया में विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण जैसे प्राधिकरण से आवश्यक मंजूरियां पहले ही मिल चुकी हैं।

## बना 70,352 करोड़ रुपए का संयुक्त उद्यम




### 100 से ज्यादा टीवी चैनल

यह संयुक्त उद्यम भारत की सबसे बड़ी मीडिया और मनोरंजन कंपनियों में से एक होगा, जिसका मार्च, 2024 में समाप्त पिछले वित्त वर्ष (2023-24) के लिए संयुक्त राजस्व लगभग 26,000 करोड़ रुपये (3.1 अरब डॉलर) था। संयुक्त उद्यम के तहत 100 से ज़्यादा टीवी चैनल हैं और यह सालाना 30,000 घंटे से ज़्यादा के टीवी मनोरंजन सामग्री तैयार करता है।

# एफआईआई की बिकवाली से सेंसेक्स 111 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 111 अंक और नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने, कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं होने तथा महंगाई बढ़ने के बीच बाजार में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 110.64 अंक टूटकर 77,580.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 266.14 अंक तक लुढ़क गया था।



निफ्टी भी 26.35 अंक की गिरावट के साथ 23,532.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में लगातार छठे दिन गिरावट रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,502.58 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6,145.24 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''बाजार में कारोबार हल्का रहा।

डी-सिब्स लिस्ट में शामिल बैंकों को घरेलू सिस्टम के लिए बहुत अहम माना जाता है

# तीन बैंकों को आरबीआई ने माना सबसे सुरक्षित बैंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को एक बार फिर भारतीय रिजर्व बैंक ने डोमेस्टिक सिस्टमैटिकली इंपोर्टेंट बैंक्स (डी-सिब्स) करार दिया है। आरबीआई ने डी-सिब्स बैंकों की लिस्ट जारी की। पिछले साल भी इन तीनों बैंकों को ही डोमेस्टिक सिस्टमैटिकली इंपोर्टेंट बैंक का दर्जा मिला था।

डी सिब्स लिस्ट में शामिल बैंकों को घरेलू सिस्टम के लिए बहुत अहम माना जाता है। साथ ही इन्हें देश के सबसे सुरक्षित बैंक भी माना जाता है। ये ऐसे बैंक होते हैं जो सिस्टम के लिए इतने महत्वपूर्ण होते हैं कि जिनके डूबने पर पूरी अर्थव्यवस्था को झटका लग सकता है। इस प्रकार के बैंक इतने महत्वपूर्ण हैं कि इन्हें कुछ हुआ तो सरकार खुद इन्हें बचाने की कोशिश करेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक ने डी-सिब्स बैंकों की सूची 31 मार्च 2024 तक मिले आंकड़ों के आधार पर तैयार की है। घरेलू सिस्टम के लिए अहम करार दिए गए बैंकों को एडीशनल कॉमन इक्विटी टियर-1 (सीइटी1) मेंटेन करना होता है। इन्हें अपने बकेट के हिसाब से अधिक कॉमन इक्विटी टियर 1 को बनाए रखना होता है। यह वह पूंजी है जिसके जरिए जोखिमों का प्रबंधन आसानी से किया जा सकता है। डी-सिब्स की लिस्ट में शामिल बैंकों को इसे अधिक रखना पड़ता है।




### 2014 में लागू हुआ था डी-सिब्स का कॉन्सेप्ट

भारतीय रिजर्व बैंक ने पहली बार घरेलू सिस्टम के लिए महत्वपूर्ण बैंकों की सूची तैयार करने यानी डी-सिब्स की अवधारणा को 10 साल पहले वर्ष 2014 में अपनाया था। 2015 में भारतीय स्टेट बैंक और फिर अगले साल वर्ष यानी 2016 में आईसीआईसीआई बैंक को इस सूची में रखा गया। 2017 में एचडीएफसी बैंक की एंट्री इस लिस्ट में हुई।

### किस बकेट में है कौन सा बैंक

आरबीआई ने इस बार भारतीय स्टेट बैंक को बकेट-4 में रखा है जिसके तहत इसे 0.80 फीसदी अतिरिक्त सीईटी1 मेंटेन करना है। वहीं, एचडीएफसी बैंक भी बकेट 2 में बना हुआ है और इसे 0.40 फीसदी हाई सीईटी1 मेंटेन करना है। आईसीआईसीआई बैंक को बकेट 1 में रखा गया है और इसे सीईटी1 बफर में एडीशनल 0.20 फीसदी बनाए रखना होगा। नए नियम 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगे।

## खबर संक्षेप



### सूर्या के भरोसे पर खरा उतरना चाहता था

**संेचुरियन।** जब सूर्यकुमार यादव ने यह बताने के लिए तिलक वर्मा के होटल के कमरे पर दस्तक दी कि वह तीसरे टी20 मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा तो कृतज्ञता से भरे इस बल्लेबाज ने अपने कप्तान से वादा किया कि वह उनके भरोसे पर खरा उतरेगा। तिलक ने 51 गेंद में शतक जमाया और दूसरा पचासा तो सिर्फ 19 गेंदों में पूरा किया। इसके बाद उन्होंने डगआउट में देखते हुए अपने कप्तान के प्रति आभार जताने के लिए 'फ्लाइंग किस' किया। सूर्यकुमार ने अपने बल्लेबाजी क्रम पर उन्हें उतारने का फैसला जो लिया था।

### आस्ट्रेलिया श्रृंखला से युवा बनेंगे बेहतर क्रिकेटर



**पर्थ।** मुख्य कोच गौतम गंभीर और कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पहली बार आस्ट्रेलिया का दौरा कर रहे युवा खिलाड़ियों से कहा है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनाएगी। भारतीय टीम में शामिल आठ खिलाड़ी आस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार टेस्ट खेल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, अभिमन्यु ईश्वरन, सरफराज खान, नीतिश रेड्डी, हर्षित राणा, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा सभी पहली बार आस्ट्रेलिया दौरे पर जा रहे हैं। ऐसे में विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह से मिलने वाली सलाह उनके काफी काम आएगी। कोहली और अश्विन का यह पांचवां टेस्ट दौरा है जबकि बुमराह का तीसरा टेस्ट दौरा है।

### बड़ौदा ने मेघालय को पारी से हराया



**वड़ोदरा।** बाएं हाथ के स्पिनर निनाद राथवा के कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत बड़ौदा ने गुरुवार को यहां ग्रुप ए रणजी ट्रॉफी मैच में दो दिन में मेघालय को पारी और 261 रन से रौंद दिया और बोनस अंक हासिल किया। जहां पहला दिन ऑफ स्पिनर महेश पिथिया (छह विकेट) के नाम रहा तो दूसरे दिन रथवा ने जलवा बिखेरा और दूसरी पारी में 28 रन देकर छह विकेट चटकाए। इससे मेघालय की टीम 17.5 ओवर में महज 78 रन पर सिमट गई। पहली पारी में भी टीम 103 रन ही बना सकी थी। बड़ौदा ने दूसरे दिन पहली पारी 442 रन पर समाप्त कर 339 रन की विशाल बढ़त हासिल की थी।

### कुशाग्र के शतक से झारखंड ने बनाए 56 रन



**नई दिल्ली।** विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार कुशाग्र के नाबाद 133 रन की मदद से झारखंड ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के दूसरे दिन गुरुवार को यहां दिल्ली के खिलाफ पहली पारी में नौ विकेट पर 356 रन बनाए। बीस साल के कुशाग्र ने 166 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और पांच छक्के मारे। कुशाग्र की पारी की बदौलत झारखंड ने अरूण जेटली स्टेडियम में दूसरे दिन 70 ओवर में छह विकेट पर 220 रन बनाए। कुशाग्र ने कप्तान विराट सिंह (56 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की।



दीपिका ने दागे 5 गोल

# दे दना दन... 13 गोल

## भारत की हैट्रिक जीत

### एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

**भारत का प्रदर्शन**

| देश | खिलाफ | जीते |
|---|---|---|
| भारत | मलेशिया | 4-0 |
| भारत | द.कोरिया | 3-2 |
| भारत | थाईलैंड | 13-0 |

**एजेंसीर ▶▶| राजगीर।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को यहां थाईलैंड को एकतरफा मुकाबले में 13-0 से हराकर महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भारत के लिए दीपिका (तीसरे, 19वें, 43वें, 45वें और 45वें मिनट) ने पांच गोल दागे जबकि प्रीति दुबे (नौवें और 40वें मिनट), लालरेमसियामी (12वें और 56वें मिनट) और मनीषा चौहान (55वें और 58वें मिनट) ने दो-दो गोल किए। ब्युटी डुंग डुंग (30वें मिनट) और नवनीत कौर (53वें मिनट) के खाते में भी एक-एक गोल रहा।

#### चीन से मुकाबला कल

*भारत ने इससे पहले मलेशिया को 4-0 से हराया था जबकि करीबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 3-2 से शिकस्त दी थी। भारत अपना अगला मैच शनिवार को ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के खिलाफ खेलेगा।*

#### जीता मलेशिया

*दिन के अन्य मुकाबलों में मलेशिया ने कोरिया को 2-1 से हराया जबकि चीन ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए जापान को इसी अंतर से मात दी।*

## सिंधू जापान ओपन के प्री क्वार्टर में हारी

एजेंसी ▶▶| कुमामोतो



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू के प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही गुरुवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं। सिंधू ने पहला गेम जीतने के बाद लय खो दी और कनाडा की मिचेले ली ने उन्हें 17-21, 21-16, 21-17 से हरा दिया। करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में पहले गेम में बराबरी की टक्कर रही।

## अल्काराज ने रुबलेव को हराकर की वापसी

एजेंसी ▶▶| तूरिन




स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने शारीरिक तकलीफ से उबरकर आंद्रेइ रुबलेव को 6-3, 7-6 से हराया और एटीपी फाइनल्स में सेमीफाइनल में प्रवेश की दौड़ में शामिल हो गए। पहले मैच में उन्हें कैस्पर रूड ने सीधे सेटों में हराया था। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रूड को 7-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अल्काराज और रूड ने एक एक मैच जीता है जबकि ज्वेरेव दोनों मैच हार चुके हैं। हर ग्रुप से शीर्ष दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में जाएंगे।

## सोल कैंपबेल बने टाटा स्टील विश्व 25के रेस के अंतरराष्ट्रीय ब्रांड दूत

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

इंग्लिश प्रीमियर लीग के पूर्व स्टार फुटबॉलर सोल कैंपबेल को बृहस्पतिवार को टाटा स्टील विश्व 25 के रेस का अंतरराष्ट्रीय ब्रांड दूत बनाया गया। दुनिया की पहली विश्व एथलेटिक गोल्ड लेबल रेस का आयोजन यहां 15 दिसंबर को होगा। दुनिया के महान डिफेंडरों में शुमार रहे 50 वर्ष के कैंपबेल आर्सनल के लिए खेलते थे।

कैंपबेल ने कहा, 'सिटी आफ जॉय आना प्रसन्नता की बात होगी। इंग्लैंड का होने के नाते मैं भारत को क्रिकेट के जरिए जानता हूं लेकिन मैने सुना है कि यह शहर खेलप्रेमियों के लिए मशहूर है। मैं टाटा स्टील विश्व 25के रेस के लिए कोलकाता आने को लेकर उत्साहित हूं। फुटबॉल को पसंद करने वालों को दौड़ भी पसंद होती है। मैं पश्चिम बंगाल और भारत के सभी फुटबॉलप्रेमियों और खेलप्रेमियों से इस रेस में भाग लेने की अपील करता हूं।'



## टी20: भारत-अफ्रीका के बीच निर्णायक जंग आज

### रिंकू के खराब फार्म से बढ़ी चिंता



एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिए रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है। भारत फिलहाल श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन 3-1 से जीतने के लिए बल्लेबाजों पर अहम जिम्मेदारी होगी।

**सूर्या की कप्तानी में भारत ने जीते 16 में से 13 मैच :** भारत के लिए वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 श्रृंखला में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था।

#### पांचवें नंबर पर रहे सफल

रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन जब संजू सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर और तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर उतर रहे हैं तो रिंकू को हार्दिक पंड्या से पहले उतारना कठिन है। टीम प्रबंधन को इस मसले का तुरंत हल निकालना होगा।


**भारतीय टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक। आवेश खान, यश दयाल।

**दक्षिण अफ्रीका की टीम:** एडेन मारक्रम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेलटन, एंडिले सिमलेन, ट्रिस्टन स्टब्स।

ऑस्ट्रेलियाई अखबार में फिर छाए विराट

## 'किंग की वापसी'

एजेंसी ▶▶| पर्थ




भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत हो रही है। इस सीरीज में सभी की नजरें विराट कोहली और रोहित शर्मा पर होंगी।

दोनों पिछले कुछ दिनों से टेस्ट में अच्छे फॉर्म में नहीं रहे हैं। हालांकि, विराट ऑस्ट्रेलियाई अखबारों में जरूर छाए हुए हैं। हेराल्ड सन, द डेली टेलीग्राफ के बाद अब द वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने भी कोहली को फ्रंट पेज पर जगह दी है। द वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने फ्रंट पेज पर बड़े-बड़े शब्दों में लिखा- 'किंग की वापसी' (द रिटर्न ऑफ द किंग)। दुनियाभर की आखें पर्थ और कोहली पर हैं।'

इसके बाद एक और पेज पर द वेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने लिखा 'होली कोहली (पवित्र कोहली)। किंग अपनी विदाई सीरीज में दुनिया पर छा जाने को तैयार हैं।' ऑस्ट्रेलियाई मीडिया के स्क्रीनशॉट्स सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। इससे पहले द टेलीग्राफ ने इस सीरीज को 'युगों की लड़ाई' बताया।

## टी20 : मैक्सवेल के 10 हजार रन पूरे, जीता ऑस्ट्रेलिया



**ब्रिसबेन।** पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को खेले गए पहले टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने 43 रनों की दमदार पारी खेलकर बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। टी20 में अब उनके 10000 हजार से ज्यादा रन हो गए हैं। वह ऐसा करने वाले 16वें बल्लेबाज बन गए। इसके अलावा वह डेविड वॉर्नर और आरोन फिंच के क्लब में शामिल हो गए। बता दें कि, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। बारिश के कारण 3 घंटे की देरी से शुरू हुए पहले मैच में मेजबान ने सात ओवर के मैच में चार विकेट पर 93 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान नौ विकेट पर 64 रन ही बना सका। कंगारुओं ने पाकिस्तान को 29 रन से शिकस्त दी।

## लोमरोर ने 13 छक्कों और 25 चौकों से जड़ा तिहरा शतक

एजेंसी ▶▶| देहरादून

राजस्थान के महिपाल लोमरोर (नाबाद 300) ने गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के दूसरे दिन उत्तराखंड के खिलाफ 13 छक्कों और 25 चौकों की मदद से तिहरा शतक जड़ा। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व कर चुके 24 साल के ऑलराउंडर लोमरोर ने सिर्फ 357 गेंद में तिहरा शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 83.33 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए और जेद्दा में 24 और 25 नवंबर को होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले विभिन्न फ्रेंचाइजी का ध्यान खींचा। उनकी पारी की बदौलत राजस्थान ने पहली पारी सात विकेट पर 660 रन बनाकर घोषित की।

## मो. शमी का 'चौका', धमाकेदार वापसी, जा सकते हैं ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के चुनौतीपूर्ण दौरे के दौरान मुश्किलों से घिरी भारतीय टीम को मोहम्मद शमी की सेवाएं मिल सकती हैं। इस अनुभवी तेज गेंदबाज ने गुरुवार को रणजी ट्रॉफी मैच में चार विकेट झटकाकर चोट से शानदार वापसी की। मध्य प्रदेश की पहली पारी में फेंके गए 57 ओवर में चार स्पैल डाले और 19 ओवर में 4 मेडन से 54 रन देकर 4 विकेट चटकाए। इससे उनके ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। शमी ने कप्तान शुभम शर्मा (8 रन), सारांश जैन (7 रन), कुमार कार्तिकेय (9 रन) और कुलवंत खेजरोलिया (शून्य) के विकेट लिए। एक दिन पहले शमी को कोई विकेट नहीं मिला था। मध्यप्रदेश की ओर से सुभ्रांशु सेनापति ने 47 और रजत पाटीदार ने 41 रनों की पारी खेली। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। मुकाबले में बंगाल की टीम पहली पारी में 228 रन पर ऑलआउट हुई थी।



#### भारतीय टीम के लिए यह अच्छी खबर

भारतीय टीम के लिए यह बहुत अच्छी खबर है, पर राष्ट्रीय चयन समिति यह भी देखेगी कि दूसरी पारी में वह कैसी गेंदबाजी करते हैं तथा इंदौर में होलकर स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच के अंत में उन्हें कोई दर्द तो नहीं होता या फिर सूजन तो नहीं होती। अगर वह सभी मानदंडों पर खरे उतरते हैं तो यह लगभग तय है कि वह दिन-रात्रि के दूसरे टेस्ट से पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ जुड़ जाएंगे।

## कौथांकर-बाकले का तिहरा शतक, जोड़े रिकॉर्ड 606 रन

**पोरवोरिम।** स्नेहल कौथांकर और कश्यप बाकले की जोड़ी ने तिहरा शतक जड़ने के साथ 606 रन की भागीदारी कर रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे बड़ी साझेदारी दर्ज की जिससे गोवा ने गुरुवार को यहां प्लेट ग्रुप मैच में अरुणाचल प्रदेश को पारी और 551 रन से शिकस्त दी। कौथांकर ने 215 गेंद में 314 रन जबकि बाकले ने 269 गेंद में 300 रन बनाए जिससे गोवा ने सिर्फ 92 ओवर में दो विकेट पर 727 रन पर पारी घोषित कर पहली पारी के आधार पर 643 रन की बढ़त हासिल की। गोवा ने फिर अरुणाचल प्रदेश को 22.3 ओवर में 92 रन पर समेटकर बड़ी जीत दर्ज की। मेहमान टीम पहली पारी में 84 रन पर सिमट गई थी। कौथांकर और बाकले ने अपनी सनसनीखेज साझेदारी के दौरान कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। उनकी नाबाद साझेदारी ने 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में महाराष्ट्र की जोड़ी एसएम गुगाले और एआर बावने के बीच तीसरे विकेट के लिए 594 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया जो दिल्ली के खिलाफ बनी थी।

मेजबानी गंवाने पर आईसीसी करेगा कार्यवाही

## पाकिस्तान को होगा 1820 करोड़ रुपए का नुकसान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन भले ही अगले साल होना है, पर इसको लेकर लगातार उथल-पुथल लगातार जारी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने साफ कर दिया है कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नहीं करेगी।

इन सब के बीच टूर्नामेंट स्थगित होता है या किसी और देश में शिफ्ट होता है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को 1820 करोड़ पाकिस्तान रुपए का भारी नुकसान हो सकता है। सुरक्षा कारणों के चलते भारत सरकार टीम को पाकिस्तान भेजने के पक्ष में नहीं है। हालांकि, बीसीसीआई हाइब्रिड मॉडल पर टूर्नामेंट खेलने के लिए तैयार है। दूसरी ओर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल से साफ इनकार कर दिया है। पीसीबी चीफ का कहना था कि पूरा टूर्नामेंट ही पाकिस्तान में होना चाहिए। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 स्थगित होती है या फिर टूर्नामेंट को किसी अन्य देश में शिफ्ट किया जाता है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर आईसीसी की पाबंदियां लग सकती हैं। आईसीसी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को दी जाने वाली फंडिंग में कटौती करेगा। पीसीबी को मेजबान होने के नाते आईसीसी से 65 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलने हैं। अगर टूर्नामेंट शिफ्ट होता है या स्थगित होता है तो पाकिस्तान को होस्टिंग फीस के रूप में मिलने वाले 65 मिलियन अमेरिकी डॉलर (1820 करोड़ पाकिस्तान रुपए) का नुकसान होगा।




#### 1300 करोड़ खर्च अलग

*इतना ही नहीं चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान ने खास तैयारी की है। टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान के 3 स्टेडियम में होना है। ऐसे में इन 3 वेन्यू पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने करोड़ों रुपए खर्च किए हैं। पीसीबी ने कराची, रावलपिंडी और लाहौर स्टेडियम को अपग्रेड किया।*

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), फोन नं. 0771 - 4222611, 4222612
ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस**

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी, जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता / जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक / भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रोहिणीपुरम शाखा रायपुर 9109993952 | श्री अघेश्वर सेन पिता श्री बेगनाथ सेन और श्रीमती पद्माबाई सेन पति श्री अघेश्वर सेन, सीता नगर, संत कबीर दास वार्ड, वार्ड नं.-03, मौजा-कोटा, रायपुर, छ.ग. - 492001 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल मकान से संबंधित भूमि खसरा नं.- 98/143, क्षेत्रफल- 600 वर्गफीट स्थित सीता नगर, संत कबीर दास वार्ड, वार्ड नं.- 03 (ब्लॉक - 04) नया पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड, वार्ड नं.- 02, प.ह.नं. - 51, आरएनएम रायपुर-1, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) हैं जो श्री अघेश्वर सेन पिता श्री बेगनाथ सेन के नाम पर हैं. मकान की सीमाएं: पूर्व- रोड, पश्चिम- फजीलत नाज की भूमि, उत्तर- कमलेश सेन का मकान, दक्षिण- रंजीता यादव का मकान. | 25.06.2024 रु. 21,96,255.52 + ब्याज + अन्य प्रभार 13.11.2024 भौतिक कब्जा |
| 02 | रोहिणीपुरम शाखा रायपुर 9109993952 | श्री कमलेश सेन पिता श्री बेगनाथ सेन एवं श्रीमती राधिका सेन पति श्री कमलेश सेन, सीता नगर, संत कबीर दास वार्ड, वार्ड नं.-03, मौजा-कोटा, रायपुर, छ.ग. - 492001 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल मकान से संबंधित भूमि खसरा नं.- 98/143, क्षेत्रफल- 600 वर्गफीट स्थित सीता नगर, संत कबीर दास वार्ड, वार्ड नं.- 03 (ब्लॉक - 04) नया पंडित जवाहर लाल नेहरु वार्ड, वार्ड नं.- 02, प.ह.नं. - 51, आरएनएम रायपुर-1, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) हैं जो श्री कमलेश सेन पिता श्री बेगनाथ सेन के नाम पर हैं. मकान की सीमाएं: पूर्व - रोड, पश्चिम- फजीलत नाज की भूमि, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- अघेश्वर सेन का मकान. | 16.07.2024 रु. 21,80,859.89 + ब्याज + अन्य प्रभार 13.11.2024 भौतिक कब्जा |
| 03 | रोहिणीपुरम शाखा रायपुर 9109993952 | मेसर्स राजा ऑटो पार्ट्स प्रोप. श्री गुरमित सिंह, रिंग रोड नं.-2, भनपुरी, रायपुर, छ.ग.-493221 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल आवासीय भूमि, खसरा नं.- 202/12 (का भाग), स्थित मौजा - पुरैना, रानी दुर्गावती वार्ड, वार्ड नं. - 45, प.ह.नं.- 113/67, रायपुर, जिला- रायपुर, छ.ग. क्षेत्रफल- 2300 वर्गफीट हैं जो श्री गुरमीत सिंह पिता श्री जशवंत सिंह के नाम पर हैं. बंधक संपत्ति की सीमाएं: उत्तर- देबाशिष का मकान, दक्षिण - निर्मला सिंह की भूमि, पूर्व- रोड, पश्चिम - पुजारी की भूमि. | 25.06.2024 रु.15,39,610.18 + ब्याज + अन्य प्रभार 13.11.2024 भौतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.
दिनांक: 15.11.2024, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा




# किस ग्रह पर मौजूद है सोना ही सोना? हाथ लग जाए तो धरती पर सब होंगे अरबपति

एजेंसी ▸▸| वॉशिंगटन

सोना कितनी महंगी धातु है, ये तो हम सभी जानते हैं। अगर किसी के पास किलो-2 किलो सोना हो, तो उसे अमीर कह दिया जाता है, तो सोचिए अगर किसी जगह पर सोने का भंडार मिल जाए, तो क्या हो? आपने भी कभी न कभी ज़रूर सोचे होगा कि कहीं ऐसी जगह है, जहां सोना ही सोना हो! बहुत से लोगों ने इंटरनेट पर भी ये सवाल पूछा, जिसका जवाब हम आपको दे रहे हैं। सौरमंडल में एक ऐसा लघुग्रह है, जिस पर सोना ही सोना है। वैज्ञानिक इसे 'गोल्ड प्लेनेट' भी कहते हैं। मज़े की बात तो ये है कि ये असल में ग्रह है भी नहीं, लेकिन यहां की मिट्टी वाकई सोना है। इसे ग्रह तो नहीं, लेकिन क्षुद्रग्रह की श्रेणी में रखा जाता है। क्योंकि, ये एक उल्कापिंड का टुकड़ा है। वैज्ञानिकों ने सालों पहले ही इसे ढूंढ निकाला था, जिस पर शोध जारी है।

### सोने का भंडार है ये क्षुद्रग्रह

17 मार्च 1852 को इतालवी खगोलशास्त्री एनीबेल डी गैस्पारिस ने इस क्षुद्रग्रह को ढूंढ निकाला था। हालांकि, तब ये बात नहीं पता थी कि इस पर सोना भरा हुआ है। जब ग्रह पर एडवांस टेक्नोलॉजी से अध्ययन किया गया, तो पता चला कि ये तो सोने की खान है। 16 साइकी नाम का ये लघुग्रह मंगल और बृहस्पति के बीच सूर्य की परिक्रमा करता है। इसका कोर निकल और लोहे से बना है। इसके अलावा इस पर बड़ी मात्रा में प्लैटिनम, सोना और अन्य धातुएं हैं। इसे एक डेड प्लानेट का हार्ट मानते हैं, जिसे अगर समान रूप ये बांटा जाए तो धरती पर मौजूद 8 करोड़ की आबादी में हर कोई अरबपति होगा।

नासा भेज चुका है मिशन




### ग्रह पर है कितना सोना

साइकी भी सूर्य की परिक्रमा करता है और इसे पूरा करने में लगभग 5 पृथ्वी वर्ष लगते हैं। इसे अपनी धुरी पर एक बार घूमने में चार घंटे से अधिक समय लगता है, जो एक साइकी के एक दिन के बराबर होता है। क्षुद्रग्रह 16 साइकी में मौजूद खनिजों की कीमत खरबों से भी कहीं अधिक बताई गई है। माना जाता है कि अगर इसका पूरा सोना धरती पर आ जाए तो वह हर शख्स $93 बिलियन यानी 763 अरब रुपए का धनवान बना देगा। नासा इस पर 13 अक्टूबर, 2023 में मिशन भेज चुका है, जो इसके अध्ययन के लिए है। ये जुलाई, 2029 तक साइकी के ऑर्बिट तक पहुंचेगा।

## न सोना न हीरा, छोटी सी संगमरमर की प्रतिमा बिकने जा रही 27 करोड़ रुपए में

**स्कॉटलैंड।** आपने एक से एक महंगे संगमरमर देखे होंगे, उनके बारे में सुना होगा। लेकिन, स्कॉटलैंड में एक छोटा सा संगमरमर का टुकड़ा 27 करोड़ रुपए में बिकने जा रहा है। आप



जानकर हैरान होंगे कि इसे सिर्फ 6 डॉलर यानी 500 रुपए में खरीदा गया था और वर्षों तक इसका इस्तेमाल एक पार्क में दरवाजे को रोकने के लिए डोर स्टेप के रूप में किया गया था। लेकिन, एक वजह ऐसी है, जिससे इसकी कीमत लाखों गुना हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक संगमरमर की छोटी सी प्रतिमा है, जिसे एक मकान से निकाला गया था। इनवर्गोर्डन टाउन काउंसिल ने 1930 में इसे खरीद लिया। बाद में इसे एक पार्क में डोर स्टेप के काम में लगा दिया गया गया। बाद में पता चला कि इसे 18वीं शताब्दी की शुरुआत में फ्रांसीसी मूर्तिकार एडम बुचार्डन ने बनाया था। प्रतिमा तब के मशहूर जमींदार और राजनीतिज्ञ जॉन गॉर्डन की है।

### कैसे चला पता

इसके बाद मुकदमा शुरू हुआ, जिसमें अब अदालत ने बिक्री की मंजूरी दी दी है। स्कॉटिश हाइलैंड्स काउंसिल की प्रवक्ता ने सीएनएन को बताया कि नीलामी में इसकी कीमत $3.2 मिलियन यानी 27 करोड़ रुपए से भी ज्यादा लग सकती है। इसके बारे में पता तब चला जब एक विदेशी खरीदार ने नीलामी घर सोथबी से संपर्क किया और इसके लिए 2.5 मिलियन पाउंड से अधिक देने की पेशकश की। जब अफसरों को इसकी कीमत का अंदाजा हुआ तो उन्होंने इसे छिपाकर रख दिया, लेकिन अब इसे बेचने की तैयारी की जा रही है।

# कनाडा बनने जा रहा दुनिया का अगला न्यूक्लियर एनर्जी सुपरपावर!

एजेंसी ▸▸| ओटावा

दुनिया में बढ़ते जलवायु संकट के समाधान के लिए परमाणु ऊर्जा पर नए सिरे से जोर दिया जा रहा है और इसमें यूरेनियम भंडार काफी अहम है। ऐसे में आने वाले वक्त में कनाडा की भूमिका न्यूक्लियर एनर्जी में अहम हो सकती है। यूरेनियम के अपने विशाल भंडार की मदद से कनाडा आने वाले वर्षों में न्यूक्लियर एनर्जी की सुपरपावर भी बन सकता है। यूरेनियम खनन पर दो दशक से काम कर रहे कारोबारी लेह क्यूरीर का कहना है कि इस क्षेत्र में दुनिया के नजरिए में बड़ा बदलाव आ रहा है।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2011 में जापान में फुकुशिमा परमाणु संयंत्र दुर्घटना ने परमाणु ऊर्जा के बारे में दुनिया के दृष्टिकोण को नकारात्मक कर दिया, लेकिन पिछले पांच वर्ष में इस नजरिए में बदलाव आया है। यही वजह है कि इस साल यूरेनियम की वैश्विक कीमत 200 फीसदी से अधिक बढ़ी है। ऑस्ट्रेलिया में जन्मे कारोबारी क्यूरीर इस बदलाव का श्रेय उस रवैये को देते हैं, जो 2018 में बिल गेट्स के परमाणु ऊर्जा को 'जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आदर्श' बताए जाने के बाद आया है।

## यूरेनियम का अथाह भंडार खोल सकता है किस्मत

### कनाडा की बदल सकती है तस्वीर!

लेह क्यूरीर नेक्सजेन के हेड हैं, ये कंपनी कनाडा के उत्तरी सस्केचेवान में यूरेनियम-समृद्ध अथाबास्का बेसिन में खनन कर रही है। इस प्रोजेक्ट की कीमत करीब चार अरब डॉलर है। ये कीमत तब है जबकि खदान 2028 के बाद ही व्यावसायिक रूप से चालू हो सकेगी। रेगुलेटर्स से इसको मंजूरी मिल जाती है तो नेक्सजेन का ये प्रोजेक्ट अकेले ही कनाडा को आने वाले दशक में यूरेनियम का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश बना देगी।



### कनाडा का यूरेनियम क्वालिटी में शानदार

मैकमास्टर यूनिवर्सिटी में परमाणु इंजीनियरिंग के प्रोफेसर मार्कस पिरो का कहना है कि कनाडा के अथाबास्का क्षेत्र को जो चीज खास बनाती है, वह यह है कि इसका यूरेनियम विशेष रूप से उच्च श्रेणी का है। पिरो के मुताबिक, कनाडा ने अपने यूरेनियम को अन्य देशों को बेचने के लिए सख्त नियम बनाए हैं। कनाडा ने केवल परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए इस्तेमाल करने का आदेश दिया है। कनाडा को 'टियर-वन परमाणु राष्ट्र' के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि यह खनन से लेकर विनिर्माण चरण तक परमाणु ईंधन का उत्पादन करने की अपनी क्षमता रखता है। वर्तमान में कनाडा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक है, जो कुल वैश्विक उत्पादन का लगभग 13 फीसदी है। नेक्सजेन का अनुमान है कि एक बार जब इसकी खदान चालू हो जाएगी, तो यह इसे 25 फीसदी तक बढ़ा देगा।

### न्यूक्लिर एनर्जी पर्यावरण के लिए बेहतर

परमाणु ऊर्जा (न्यूक्लिर एनर्जी) को प्राकृतिक गैस या कोयले जैसे दूसरे ईंधन के मुकाबले कम कार्बन उत्सर्जन के लिए जाना जाता है। इससे ये पर्यावरण को कम नुकसान करता है और जलवायु संकट में एक बेहतर विकल्प बनता है। विश्व परमाणु संघ का अनुमान है कि दुनियाभर में बन रही बिजली का 10 फीसदी परमाणु स्रोतों से आता है, जबकि 50 प्रतिशत से ज्यादा गैस और कोयले से उत्पन्न होता है। ऐसे में दुनियाभर में परमाणु उर्जा की ओर जाने पर जोर दिया जा रहा है। न्यूक्लियर एनर्जी के लिए यूरेनियम की जररूत है। यूरेनियम दुनियाभर में पाया जा सकता है, लेकिन ये यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और कजाकिस्तान में सबसे ज्यादा है। विश्व परमाणु संघ के मुताबिक, कजाखस्तान साल 2022 में 21,200 टन के साथ सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक था। इसके बाद कनाडा (7,400 टन), नामीबिया (5,600), ऑस्ट्रेलिया (4,600), उज्बेकिस्तान (3,300) और रूस (2,500 टन) का नंबर आता है।

## यूपी से लाया जा रहा 700 बोरा अवैध धान चिल्फी में पकड़ाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कवर्धा

राज्य में समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू होने के एक रात पहले चिल्फी में जांच दल ने 700 बोरा अवैध धान से लदे ट्रक को पकड़ा है। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। धान को राजनांदगांव के केंद्र में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक जिले में धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व ही शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान की धरपकड़ के लिए टीमें गठित की गई है। जिले से होकर गुजरने वाले सभी मार्गों की सीमाओं पर तैनात की गई है। बताया जाता है कि गुरुवार 14 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली समर्थन मूल्य में धान खरीदी के पूर्व बुधवार की रात को मध्यप्रदेश से लगे जिले के सीमावर्ती थाना क्षेत्र चिल्फी में जांच टीम तैनात थी। इसी दौरान टीम ने धान की बड़ी खेप लेकर जिले में दाखिल हो रहे एक ट्रक को दबोच लिया। जांच के दौरान ट्रक में 700 बोरा धान पाया गया। जिसके संबंध में वाहन चालक के पास कोई दस्तावेज मौजूद नहीं थे।

■ राजनांदगांव के केंद्र में खपाने की थी तैयारी

### धान का सबसे ज्यादा समर्थन मूल्य छत्तीसगढ़ में

प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक अवैध धान की खेप उत्तरप्रदेश से लाई जा रही थी। इसे राजनांदगांव ले जाया जा रहा था। किसी समिति में इस धान को अवैध ढंग से समर्थन मूल्य में बेचने की तैयारी थी। पूरे देश में धान का सबसे अधिक सरकारी समर्थन मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल छत्तीसगढ़ में है। यहीं वजह है कि दूसरे राज्य के लोग भी यहां धान को समर्थन मूल्य में खपाने की जुगत भिड़ाते हैं।

# गुलाब और चॉकलेट के मिश्रण से बने इस परफ्यूम की कीमत है 40 हजार रुपए किलो

एजेंसी ▸▸| कन्नौज

कन्नौज का इत्र व्यापार सैकड़ों वर्षों से ज्यादा पुराना है। ऐसे में इत्र व्यापारी अब कन्नौज के प्राकृतिक इत्रों के साथ परफ्यूम की दुनिया में भी आगे बढ़ रहे हैं। प्राकृतिक इत्र महंगे होने के कारण हर कोई इन्हें नहीं खरीद पाता, इसलिए इनका विकल्प के रूप में अब प्राकृतिक इत्रों का उपयोग करके परफ्यूम की खुशबू तैयार की जा रही है। ऐसी ही एक खुशबू चॉकलेट और गुलाब के मिश्रण से बनाई गई है, जिसका नाम इत्र व्यापारी ने 'ब्लैक ओप्यून' रखा



है। इसकी कीमत 40,000 प्रति किलोग्राम है, जिसमें गुलाब, अंबर, चॉकलेट के साथ कई अन्य प्राकृतिक इत्रों का भी प्रयोग किया गया है। इत्र व्यापारी शिवा त्रिवेदी बताते हैं कि आज के दौर में युवाओं को तेज और लंबे समय तक चलने वाली खुशबू पसंद आती है।

प्राकृतिक इत्र में मध्यम खुशबू रहती है, ऐसे में हम अब फ्रेंच खुशबू की तरफ रुख मोड़ चुके हैं, जिसका आधार हम नेचुरल इत्र को ही बनाते हैं। इन इत्रों का प्रयोग करके हम नई-नई खुशबू तैयार करते हैं। इस खुशबू में गुलाब, मिंट, अंबर, चॉकलेट का प्रयोग किया गया है। यह खुशबू महिला और पुरुष दोनों ही लगा सकते हैं। यह लंबे समय तक कपड़ों पर बनी रहती है और ताजगी का अहसास देती है।

### किन इत्रों को मिलाकर तैयार की गई खुशबू

यह खास खुशबू गुलाब और चॉकलेट की खुशबू के साथ मिंट के फ्लेवर से तैयार की गई है। इसमें ठंडक का एहसास भी होता है और इसकी खुशबू काफी लंबे समय तक बनी रहती है। इसमें अंबर का फ्लेवर भी लिया गया है, जो हवा में फैलाव करता है। साथ ही, यह शरीर पर लगाने पर नुकसानदेह भी नहीं होता। हालांकि, जिनकी त्वचा पर कुछ इत्र नहीं सूट करता हो, उन्हें इन चीजों का उपयोग करने से पहले सतर्क रहना चाहिए।

### रेट क्या है?


इसके रेट की बात करें तो यह 400 रुपए में 10 ग्राम मिलता है, लेकिन अगर इसमें अन्य इत्रों का अधिक प्रयोग किया जाए और इत्र की मात्रा बढ़ाई जाए तो इसका रेट और भी बढ़ सकता है।




## लाखों रुपए में बिकता है ये तरबूज

**टोक्यो।** जापान में यह दुर्लभ तरबूज पाया जाता है। इससे दुनिया का सबसे महंगा तरबूज कहा जाता है। यह तरबूज डेनसुक प्रजाति का है, जिसे काला तरबूज भी कहा जाता है। जापान के होकाइडो आइलैंड के उत्तरी इलाके में सिर्फ यह पाया जाता है। इस दुर्लभ प्रजाति के तरबूज की पैदावर बहुत कम होती है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि डेनसुक प्रजाति का तरबूज एक साल में सिर्फ 100 पीस ही पैदा होता है। इसके कारण फलों की मंडी में यह बेहद मुश्किल से मिलता है। बताया जाता है कि इस दुर्लभ प्रजाति का हर तरबूज महंगा नहीं बिकता है। पहली फसल का तरबूज सिर्फ महंगा होता है। इसके बाद जो तरबूज होता है वह 19 हजार रुपए तक बिकता है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com